हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री

# सीएसवीटीयू के नए कुलपति डॉ. अरुण

## 4 अक्टूबर से रिक्त था कुलपति का पद आदेश होने के कुछ घंटे में ही दी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि को दस माह बाद नया कुलपति मिल गया है। बीआईटी दुर्ग के प्राचार्य डॉ.अरुण अरोड़ा सीएसवीटीयू के नए कुलपति होंगे। सोमवार दोपहर राजभवन से आदेश जारी होने के कुछ घंटे बाद ही उन्होंने कार्यभार ग्रहण किर लिया।



सीएसवीटीयू के पूर्व कुलपति प्रो. एमके वर्मा का कार्यकाल पिछले वर्ष अक्टूबर में खत्म हुआ था, तब से अब तक यहां कुलपति का पद रिक्त था। पं.रविशंकर शुक्ल विवि के कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल को यहां कुलपति का प्रभार प्रदान किया गया था। प्रभार में होने के कारण परीक्षा संचालन, छात्र कल्याण सहित कई तरह की योजनाएं स्थगित थी। छात्रावास फीस में कटौती सहित कई तरह की मांगें बीते सत्र से लंबित हैं।

### मिले थे 58 आवेदन

प्रदेश के एकलौते तकनीकी विवि के कुलपति चयन के लिए दो बार चयन समिति बनी थी। प्रदेश में ऐसा पहली बार हुआ जब किसी विवि में कुलपति नियुक्त करने गठित चयन समिति को भंग कर दोबारा नई समिति बनाई गई हो। इन समिति में एम्स गुवाहटी के निदेशक प्रो.अशोक पौराणिक, आईआईटी मंडी के डायरेक्टर प्रो.लक्ष्मीधर बेहरा सहित कई नाम शामिल थे। राजभवन द्वारा कुलपति पद के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद 58 आवेदन प्राप्त हुए थे। जीईसी जगदलपुर के प्राचार्य डॉ.खरे, एनआईटी के प्राध्यापक प्रो.समीर बाजपेयी, तकनीकी शिक्षा संचालनालय में अतिरिक्त संचालक रह चुके डॉ.एम.अग्रवाल सहित अन्य प्रदेश के प्राध्यापकों ने भी आवेदन किया था। प्रो.अरुण अरोड़ा ने अपनी शिक्षा वर्तमान एनआईटी से पूर्ण की है। थर्मल इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की उपाधि उन्होंने सत्र 1995 में हासिल की। उनके पिता स्व.केसी अरोड़ा बीएसपी में कार्यरत थे।

# मेडिकल में प्रवेश का पहला दिन...100 सीटों पर एडमिशन, पहली पसंद रायपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मेडिकल और डेंटल कालेजों में एडमिशन का दौर सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन पंडित जेएनएम मेडिकल कालेज में 23 सहित प्रदेश में एमबीबीएस की करीब सौ सीटों पर एडमिशन हुआ। पहले दिन ज्यादातर अभ्यर्थी अपने दस्तावेजों की स्क्रूटनी कराते रहे। कालेजों में पहले दौर की प्रवेश प्रक्रिया 23 अगस्त तक पूरी की जाएगी। पहले दिन निजी और शासकीय डेंटल कालेजों की कुछ सीटों पर एडमिशन हुआ।

## प्रवेश का पहला दिन ज्यादातर अभ्यर्थी कराते रहे दस्तावेजों की जांच


- 23 अगस्त तक चलेगा प्रवेश का दौर, डेंटल कालेजों में हुआ प्रवेश
- राज्य के 14 मेडिकल कालेज और 7 डेंटल कालेजों में यूजी एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जा रही



### राज्य और प्रबंधन कोटे में 1733 सीट

राज्य के दस शासकीय और चार निजी मेडिकल कालेज में अभी राज्य और प्रबंधन की 1733 सीट हैं। वहीं एक शासकीय और छह निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालय में करीब 680 सीट है। चिकित्सा शिक्षा विभाग काउंसिलिंग के माध्यम से यूजी की इन सीटों में एडमिशन के लिए काउंसिलिंग करवा रहा है। काउंसिलिंग के माध्यम से निजी मेडिकल कालेजों की एनआरआई सीट पर भी एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

राज्य के 14 मेडिकल कालेज और 7 डेंटल कालेजों में यूजी एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके तहत दस्तावेजों की जांच और एडमिशन के पहले दिन ज्यादातर लोगों की स्क्रूटनी प्रक्रिया पूरी की। जिनके दस्तावेज पहले से ओके थे, उन्होंने कालेजों में जाकर एडमिशन लिया। रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में 23 सीटों पर प्रवेश पूरा हो गया। इसके साथ अन्य शासकीय और निजी कालेजों की 77 के करीब सीटों पर प्रवेश हो गया। सूत्रों के अनुसार जिन्होंने ⏭ शेष पेज 13 पर




## खबर संक्षेप

### बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई, 80 दबोचे गए

**रायपुर।** राजधानी में एक बार फिर बढ़ती चाकूबाजी, मारपीट की घटना के बाद एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर राजपत्रित पुलिस अफसरों के मार्गदर्शन में शहर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। पुलिस की टीम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 80 बदमाशों को दबोचा है। दबोचे गए ⏭ शेष पेज 13 पर

22 मई को प्रधानमंत्री ने किया था उद्घाटन, असामाजिक तत्वों ने यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं से किया वंचित

# उरकुरा रेलवे स्टेशन की सुविधाओं पर डाका, लाइट, नल, होल्डर सब गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लाइव


अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत आधुनिक स्वरूप में तैयार उरकुरा रेलवे स्टेशन में असामाजिक तत्वों ने यात्रियों की सुविधाओं को बर्बाद कर दिया है। प्रधानमंत्री ने 22 मई को इस स्टेशन का लोकार्पण किया था, लेकिन महज़ तीन महीने में ही यहां से बाथरूम के वॉशबेसिन, लाइट, पाइप, नल, बोर्ड और होल्डर तक चोरी हो चुके हैं। लगभग 6 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से पुनर्विकास किए गए इस स्टेशन पर यात्रियों को अब शौचालय की सुविधा तक नहीं मिल रही है और न ही पीने का पानी उपलब्ध हो पा रहा है। सोमवार को हरिभूमि ने उरकुरा स्टेशन का जायजा लिया। जिन जगहों ⏭ शेष पेज 13 पर

## सीसीटीवी की निगरानी के बाहर तोड़फोड़, स्टेशन परिसर के अंतिम हिस्सों में उजाड़ दी गईं सुविधाएं

### नलों में नहीं आ रहा पानी

उरकुरा स्टेशन में तीन प्लेटफॉर्म की सुविधा है। यहां यात्रियों के लिए दर्जनों नल लगाए गए हैं, लेकिन फिलहाल किसी में भी पानी उपलब्ध नहीं है। कुछ नल की टोटियां तक चोरी हो चुकी हैं, जिससे पानी की टंकी भरने पर भी पानी बहकर बाहर निकल जाता है। यात्रियों की सुविधाओं को बचाना अब रेलवे के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। स्टेशन परिसर में ⏭ शेष पेज 13





### पुरुष व महिला शौचालय में तोड़फोड़

उरकुरा स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म पर सर्वसुविधायुक्त पुरुष और महिला शौचालय बनाए गए थे, लेकिन असामाजिक तत्वों ने इन्हें पूरी तरह उजाड़ दिया है। शौचालयों से सभी नल, पाइप और लाइट चोरी हो चुके हैं, जबकि वॉशबेसिन को तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया गया है। पानी की सुविधा बंद हो जाने के कारण शौचालयों में गंदगी इस कदर फैल गई है कि यात्री वहां जाना तक पसंद नहीं करते। असामाजिक तत्वों की इस करतूत से रेलवे की हजारों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।









# राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन का उद्घाटन करने आ सकते हैं गृहमंत्री शाह

**रायपुर के जैनम भवन में होगा दो दिवसीय कार्यक्रम, समापन में रहेंगे राज्यपाल रमन डेका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय मंत्री अमित शाह का एक बार फिर रायपुर आने वाले हैं। सहकार भारती की ओर से 2 दिवसीय राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन का आयोजन पहली बार रायपुर में होने जा रहा है। दो दिवसीय अधिवेशन 23 और 24 अगस्त को नया रायपुर के जैनम मानस भवन में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन करने के लिए अमित शाह आ सकते हैं। समापन में राज्यपाल रमन डेका रहेंगे। आज-कल में केंद्रीय मंत्री का फाइनल कार्यक्रम आ जाएगा। संभावना है कि यहां आने के बाद वे नक्सलवाद पर भी प्रदेश सरकार के साथ बैठक कर सकते हैं। नक्सलवाद को समाप्त करने की डेडलाइन करीब आ रही है। अमित शाह ने ही मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने का ऐलान किया है।

राजधानी रायपुर में होने वाले राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन में बुनकरों की समस्याओं, उनकी बिगड़ती स्थिति और सहकारी समिति के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिसमें देश भर के लगभग 1000 बुनकर और सहकारी समिति के सदस्य शामिल होंगे। सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदय जोशी के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस साल को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। सहकार भारती देश का एकमात्र स्वयंसेवी संगठन है, जो बिना संस्कार नहीं



सहकार, बिना सहकार नहीं उद्धार के ध्येय के साथ 28 राज्यों के 650 से अधिक जिलों में सक्रिय है। हाल के वर्षों में संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय अधिवेशन आईटी, मत्स्य, महिला सहकारिता, डेयरी, एफपीओ आदि क्षेत्रों में हो चुके हैं। भारत की बुनकरी परंपरा के संरक्षण और बुनकरों की आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य से यह अधिवेशन आयोजित हो रहा है। इसमें बुनकर आयोग के गठन, वोकल फॉर लोकल अभियान, डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, सरकारी योजनाओं के लाभ और बाजार तक सीधी पहुंच जैसे मुद्दों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे।

### मैन्यूफैक्चरिंग टेक्निक

अधिवेशन में बुनकरों के लिए नए मैन्यूफैक्चरिंग टेक्निक कैसे हो सकती है। इस पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। देश के बुनकरों को मार्केट की व्यवस्था कैसे मिल पाएगी इस पर भी चर्चा होगी। सहकारी समितियां का पंजीयन कैसे और किस तरीके से आसान होगा, इस पर भी विस्तृत चर्चा होगी।

**ये होंगे शामिल** : अधिवेशन के उद्घाटन में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ ही केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप विशेष अतिथि होंगे। अधिवेशन की तैयारी के लिए प्रदेश महामंत्री कनिराम, संयोजक सुरेन्द्र पाटनी, सह संयोजक पुरुषोत्तम देवांगन, कार्यालय मंत्री सौरभ शर्मा और व्यवस्था प्रमुख अजय अग्रवाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई है।

## खबर संक्षेप



### आर शंगीता को ब्रेवरेज का प्रभार भी

रायपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी आर. शंगीता को प्रबंध संचालक छग ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन एवं प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे वर्तमान में सचिव सचिव वाणिज्यक कर, तथा प्रभार आबकारी आयुक्त के रूप में भी सेवाएं दे रही हैं। उनके ये प्रभार यथावत रहेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश में कहा गया है कि आर. शंगीता द्वारा प्रबंध संचालक ब्रेवरेज कार्पोरेशन का कार्यभार ग्रहण करने पर श्याम लाल धावड़े सचिव ग्रामोद्योग, तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक ग्रामोद्योग प्रबंध संचालक हाथकरघा विकास, एवं विपणन संघ, प्रबंध संचालक खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, प्रबंध संचालक ब्रेवरेज कार्पोरेशन, प्रबंध संचालक स्टेट मार्केटिंग कार्नपोरेशन केवल ब्रेवरेज कार्पोरेशन प्रबंध संचालक स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

### कैबिनेट आज, लिए जाएंगे कई अहम फैसले

**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय के विदेश दौरे के पहले कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। बैठक में सीएम कई अहम फैसले ले सकते हैं। बताया जा रहा है कि कृषि, महिलाओं और स्वास्थ्य से जुड़ी कई योजनाओं को कैबिनेट में मंजूरी मिल सकती है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को सुबह 11 बजे कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में आयोजित होगी। मुख्यमंत्री के विदेश दौरे के पहले होने वाली बैठक में दौरे के संबंध में कैबिनेट में जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रदेश में निवेश करने वाले उद्योगों और अब तक मिली सफलता पर चर्चा की जाएगी। वहीं कैबिनेट में विभिन्न विभागों प्रस्तावों पर चर्चा कर मंजूरी दी जाएगी। प्रदेश के रजत जयंती वर्ष को लेकर होने वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर भी चर्चा होगी।

### अघोषित बिजली कटौती से आम जनता परेशान

**रायपुर।** अघोषित बिजली कटौती पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा, सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में भाजपा के 20 महीने के शासन में ही 8-8 घंटे बिजली कटौती होने लगी है। खंडवर्षा से मैदानी क्षेत्रों के पानी की कमी के चलते खेती में दरारें पड़ रही हैं। बिजली कटौती के कारण किसान पंप से भी सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। कई जिलों में किसान बांध से पानी छोड़ने की मांग को लेकर लगातार आंदोलित हैं। खरीफ की फसल बर्बाद होने की कगार पर है, लेकिन किसान विरोधी भाजपा सरकार अभी तक जाग नहीं रही है। नहरों से तत्काल पानी छोड़े सरकार अन्यथा बिजली कटौती और बांध से पानी छोड़ने की मांग को लेकर कांग्रेस आंदोलन करेगी।उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की प्राथमिकताओं में जन सुविधा है ही नहीं। ऊर्जा कोर सेक्टर में आता है, जिसका सीधा संबंध उत्पादकता से है।

**कमिश्नर ने अपने कार्यालय में ली समीक्षा बैठक**

# संभाग कमिश्नर के आदेश की अवहेलना, 2 समितियों ने सौंपी जांच रिपोर्ट, 2 को दोबारा कुछ दिनों की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे के आदेश के बाद भी भारत माला परियोजना के लिए आई दावा-आपत्तियों से संबंधित आवेदनों की जांच कर रही चार समितियों में से दो ने जांच रिपोर्ट पेश की हैं, वहीं अन्य दो समितियां मोहलत खत्म होने के बाद भी जांच पूरी नहीं कर पाई हैं। आयुक्त ने सोमवार को राजधानी स्थित कार्यालय में चारों जांच समितियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सिर्फ दो समितियों की जांच रिपोर्ट पेश की गई, वहीं अन्य दो समितियों के अधिकारियों ने जांच पूरी करने के लिए कुछ और वक्त मांगा है। सूत्रों के अनुसार अधिकारियों ने आयुक्त को जांच अब तक पूरी नहीं करने की वजह से अवगत कराया। इसके बाद आयुक्त ने कुछ दिनों की और मोहलत दी है।

### डेढ़ माह में नहीं करने के बाद 15 दिनों की मिली थी मोहलत

संभाग आयुक्त ने दावा-आपत्तियों की जांच के लिए चार समितियां गठित की हैं। इन समितियों को जांच के लिए एक माह का समय दिया गया था, लेकिन समितियां डेढ़ माह में भी जांच पूरी नहीं कर पाई थीं। इसके बाद आयुक्त ने सभी समितियों के साथ समीक्षा बैठक की थी, जिसमें जांच पूरी करने उन्होंने समितियों को 15 दिनों की और मोहलत दी थी। यह मोहलत 15 अगस्त तक दी गई थी, लेकिन इस मोहलत मिलने के बाद भी दो समितियां अभी तक जांच पूरी नहीं कर पाई हैं।


भारतमाला परियोजना घोटाला में एनएचएआई के अफसरों के भी शामिल होने की आशंका

अधिसूचना से पहले भारतमाला का नक्शा लीक, इसलिए टुकड़ों में बंटी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में भारतमाला परियोजना घोटाला की जांच चल रही है। यह जांच ईओडब्ल्यू-एसीबी द्वारा की जा रही है। इस घोटाला में छत्तीसगढ़ सरकार पहले ही जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन एसडीएम अभनपुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को निलंबन की कार्रवाई कर चुकी है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर घोटाला की शुरुआत कहां से हुई है। हरिभूमि इस घोटाला की पड़ताल करते हुए लगातार समाचार प्रकाशित करता आ रहा है। इस पड़ताल के दौरान सूत्र से यह भी जानकारी मिली है कि इस घोटाले का जिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कार्यालय ▶▶ शेष पेज 8 पर

खास खबर

विधानसभा में उठ चुकी सीबीआई जांच की मांग

भारतमाला में करोड़ों की हेराफेरी, दुर्ग, रायपुर समेत कई शहरों के 20 ठिकानों पर छापे

घोटाला में एनएचएआई अफसरों के भी शामिल होने की आशंका

नक्शा लीक हुआ या नहीं, हुआ तो कैसे यह भी जांच का विषय

> **दो समिति की रिपोर्ट भी कुछ दिन में आ जाएगी**
>
> चारों समितियों की बैठक लेकर समीक्षा की। इसमें दो समिति ने जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपी है, वहीं अन्य दो समिति की भी कुछ दिन में रिपोर्ट आ जाएगी। इसके बाद जांच रिपोर्ट की समीक्षा कर आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।
>
> - महादेव कावरे, संभागायुक्त रायपुर

### इस कारण से मंगाई गई दावा-आपत्तियां

भारत माला परियोजना घोटाला का मामला उजागर होने के बाद कई किसानों के बयान एवं शिकायतें प्रशासन को मिलने लगी थी कि भूमि अधिग्रहण के बाद उन्हें मुआवजा नहीं मिला या कम मिला है। इस तरह की शिकायतों को देखते हुए शासन ने संभाग आयुक्त को निर्देश दिए थे कि वे अपने स्तर पर पहले प्रभावित किसानों से दावा-आपत्ति मंगाए और फिर जांच कराकर उनका निराकरण करें। शासन के निर्देश पर आयुक्त ने दावा-आपत्तियां मंगाने के बाद समितियों के माध्यम से इन आवेदनों की जांच करा रहे है, लेकिन इसकी जांच करने में समितियों में शामिल अधिकारियों सहित अन्य सदस्य कोताही बरत रहे हैं। इसके कारण इन आवेदनों का निराकरण भी नहीं हो पा रहा है।

# ई राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों का ढेर, सीएम साय आज करेंगे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को राजस्व विभाग के कामकाज की समीक्षा करेंगे। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से होने वाली इस समीक्षा में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर शामिल होंगे।



मुख्यमंत्री कल होने वाली कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रालय से इस समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। खास बात ये है कि इस दौरान राज्य के ई राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करने वाले हैं। बताया गया है कि राज्य में राजस्व संबंधी मामले बड़ी संख्या में लंबित हैं, इनके त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री दिशा-निर्देश जारी करेंगे।

### ई राजस्व कोर्ट के लंबित प्रकरणों पर एक नजर

राज्य के ई राजस्व कोर्ट में इस समय जो प्रकरण लंबित हैं, उनमें विवादित नामांतरण के 10 हजार 220 प्रकरण, अविवादित नामांतरण के 42 हजार, 938, विवादित खाता विभाजन के 5 हजार 160, अविवादित खाता विभाजन 9 हजार 305, सीमांकन 3 हजार 760, डायवर्शन 2 हजार 994, वृक्ष कटाई 82, त्रुटि सुधार 8 हजार 965 मामले शामिल है। इस तरह कुल लंबित मामलों की संख्या 82 हजार 424 हैं। इनमें से 8 हजार 997 प्रकरण समय सीमा के बाहर के हैं।बताया गया है कि राज्य भर में रायपुर संभाग में लंबित मामलों की संख्या 16 हजार 182 है।

### इन विषयों पर भी होगी समीक्षा

बताया गया है कि मुख्यमंत्री राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान इस विभाग से संबंधित अन्य मामलों की भी चर्चा करेंगे। इनमें फसल बीमा योजना, गिरदावरी,एग्री स्टैक पंजीयन, डिजीटल फसल सर्वेक्षण आदि शामिल है। राज्य में फसल बीमा करने का काम अगस्त के अंत तक होगा। इसके साथ ही राज्य भर में डिजीटल फसल सर्वे का काम किया जा रहा है। यह काम सितंबर तक चलेगा। इसी तरह राज्यभर में किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन भी किया जा रहा है। प्रदेश में धान बेचने के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्या करीब 25 लाख है। इनमें से साढ़े 22 लाख का पंजीयन हो चुका है। बाकी का पंजीयन करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। एग्रीस्टैक में पंजीयन धान बेचने के लिए अनिवार्य किया गया है। इसके माध्यम से किसान की फार्मर आईडी बनेगी। यह काम ईकेवाईसी आधार के माध्यम से होता है। एग्रीस्टैक में पंजीकृत किसानों को धान बेचने में कोई असुविधा नहीं होगी।

**बृजमोहन का सीएम साय को पत्र**

# व्यावसायिक योजनाएं या आवासीय कांप्लेक्स बनाना जनता के हित में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि सिंचाई कॉलोनी शांति नगर, कृषि उपज मंडी मैदान पंडरी तराई एवं भैंसथान अग्रसेन चौक रायपुर जैसी शासकीय भूमि पर व्यावसायिक या आवासीय कांप्लेक्स निर्माण करने के बजाए इन्हें ऑक्सीजोन, गार्डन एवं खेल मैदान के रूप में विकसित किया जाए।

श्री अग्रवाल ने पत्र में लिखा है, राजधानी रायपुर में लगातार जनसंख्या और वाहनों की संख्या बढ़ने से शहर की सड़कें छोटी पड़ गई हैं। शहरवासियों को प्रदूषण और यातायात जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ऐसे में नई-नई व्यावसायिक योजनाएं या आवासीय कांप्लेक्स बनाना जनता के हित में नहीं है। उन्होंने कहा, रायपुर की जनता का भी स्पष्ट मत है कि इन स्थानों पर हरियाली, ऑक्सीजोन और खेलकूद की सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने इन स्थलों पर आवासीय और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण का निर्णय लिया था, जिसका उन्होंने तब भी कड़ा विरोध किया था और जनता के आक्रोश के चलते शांति नगर योजना रोकनी पड़ी थी।

श्री अग्रवाल ने यह भी सुझाव दिया कि नई राजधानी अटल नगर (नया रायपुर) में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है और वहां बसाहट की आवश्यकता भी है, अतः सरकार चाहे तो वहां नए व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स एवं आवासीय भवन विकसित कर सकती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि शहर के भीतर अब कांक्रीट के जंगल नहीं, बल्कि स्वस्थ और हरित वातावरण की आवश्यकता है। आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें ऑक्सीजोन और खेल मैदान की सौगात देनी चाहिए। लोकहित और लोकस्वास्थ्य ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# 85 हजार सरकारी दफ्तरों में लगे स्मार्ट मीटर, अब 13 दिनों में 45 हजार लगाने की चुनौती

**केंद्र सरकार का फरमान, अगस्त तक सभी दफ्तरों में लगाने जरूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज बीते साल फरवरी से किया गया था। करीब एक लाख तीस हजार सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब डेढ़ साल में अब जाकर 85 हजार मीटर लग सके हैं, वो भी केंद्र सरकार की कड़ाई के बाद अन्यथा सवा साल में तो दस फीसदी दफ्तरों में भी नहीं लगे थे। अब अगस्त तक यानी बचे 13 दिनों में 45 हजार मीटर हर हाल में लगाने की चुनौती है। सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने की रफ्तार धीमी होने की जानकारी केंद्र सरकार को होने पर केंद्र सरकार के विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस मामले में भारी नाराजगी जताई थी और हर हाल में अगस्त तक सभी सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी किया था। इधर केंद्र सरकार की नाराजगी को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस साल के अंत तक सभी उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर को भी बदलने का लक्ष्य तय किया है।

### सरकारी विभागों पर ढाई हजार करोड़ बकाया

बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है। लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। हाल ही में 40 हजार से ज्यादा आम उपभोक्ताओं की बिजली कट की गई तो उपभोक्ताओं ने 25 करोड़ जमा किए। इधर पॉवर कंपनी हमेशा से सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर परेशान रही है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद कभी भी ऐसा नहीं हुआ है कि सरकारी विभागों पर बकाया पूरी तरह से समाप्त हो गया हो। इस समय भी सरकारी विभागों पर करीब ढाई हजार करोड़ बकाया है।

# आंबेडकर अस्पताल के नये भवन के साथ पुराने निर्माण का काम शीघ्र शुरू करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



आंबेडकर अस्पताल के सात सौ बेड के नये भवन के साथ कैंसर विभाग, हास्टल एवं सिकलसेल संस्थान के भवन का काम शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इन लंबित योजनाओं के लिए राशि मंजूर हो चुकी है, मगर कामकाज जमीनी स्तर पर नहीं आ पाया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभागीय अफसरों के साथ निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। छोटी पड़ रही बिल्डिंग में आने वाले मरीजों को राहत देने के लिए आंबेडकर अस्पताल में सात सौ बेड की क्षमता वाले नये एकीकृत भवन बनाने की घोषणा की गई है। इसके लिए राशि भी मंजूर हो चुकी है, मगर विभागीय स्तर पर काम शुरू नहीं हो पाया है। इसके पूर्व कैंसर विभाग के भवन के विस्तार की योजना को मंजूरी दी गई थी, मगर इसके लिए भी किसी तरह का काम शुरू नहीं किया गया है। मेडिकल कालेज के छात्रों की आवास समस्या भी विकराल बनी हुई और सिकलसेल संस्थान का निर्माण पूरा करने की योजना भी विभिन्न जटिलताओं में उलझा हुआ है। इन सभी कामों में तेजी जाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभागीय अफसरों के साथ निर्माण एजेंसी के साथ बैठक की।

# सरकार के सरंक्षण में बढ़े सीमेंट के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सीमेंट की बढ़ती कीमतों को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने बीजेपी सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि मानसून में डिमांड नहीं है, लेकिन सीमेंट के हर बोरी पर दाम 25 से 30 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। सीमेंट के दामों से आम आदमी परेशान हैं। सरिया, रेत, गिट्टी के दाम पहले ही बढ़े हुए हैं। सीमेंट के दाम बढ़ने का कारण प्रदेश सरकार का भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी है। मंत्री और अधिकारियों द्वारा मोटे कमीशन का खेल चल रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम जायसवाल और भानुप्रकाश चंद्रा ने कहा, सीमेंट कंपनियों को सरकार का सरंक्षण प्राप्त है। वे कभी भी सीमेंट के दाम बढ़ा देते हैं।

### सड़क सुरक्षा पर कल से कार्यशाला

रायपुर। रविवि में 'सड़क सुरक्षा' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में ही यह आयोजन होगा। इस दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूक किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 20 अगस्त से होगी।

**आम सूचना**

(ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 106, रा.नि.मं. रायपुर, वार्ड नंबर 62, हनुमान नगर, गोस्वामी किराना स्टोर के पास, लाखे नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि खसरा नंबर 1090/142 रकबा 812 वर्गफुट के संबंध में)

सर्व साधारण जन को सूचित हो कि, मेरे पक्षकार श्रीमती संतोषी देवांगन पति-श्री श्रवण कुमार देवांगन, निवासी- दुर्गा मंदिर के पास, हनुमान नगर, लाखे नगर, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा लक्ष्मीकांत देवांगन पिता-बी.आर. देवांगन पता-गोस्वामी किराना स्टोर के पास, दुर्गा मंदिर के पास, हनुमान नगर, लाखे नगर, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) से उसके स्वत्व, स्वामित्व, अधिकार, हित व आधिपत्य में ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 106, रा.नि.मं. रायपुर, वार्ड नंबर 62, हनुमान नगर, गोस्वामी किराना स्टोर के पास, लाखे नगर, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर छत्तीसगढ़ स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि खसरा नंबर 1090/142 रकबा 812 वर्गफुट भूमि को क्रय किये जाने का सौदा कर ब्याना की राशि अदा की गई है। उक्त संपत्ति के क्रय-विक्रय संबंधी किसी संस्था, बैंक, समिति, शासकीय, गैर शासकीय आदि को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होवें।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि, इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात किया गया दावा, आपत्ति स्वमेव शून्य एवं निरस्त माना जावेगा तथा मेरा पक्षकार अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन कराने में स्वतंत्र होगा। सो सूचना जानिए।

रायपुर छत्तीसगढ़ दिनांक : 07 AUG 2025

भवदीय
राजेश सोनकर
मेन रोड, सोनकर पारा, शांति चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
मो. 98265-04767

**न्यायालय नायब तहसीलदार / तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / ..... / वाचक / क.द. / 2025
मंदिर हसौद, दिनांक ....

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रजनी बाई भारती पति ठाकुर राम जाति संत निवासी सिवनी अभनपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है ग्राम चीचा प.ह.नं. 23 तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक के माता जामबाई मतवाले की मृत्यु दिनांक 28.12.2012 को हो गया है। आवदेक के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30.08.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया। कार्यपालिक दण्डाधिकारी, मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.)

मुहर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। की रामकृष्ण केयर अस्पताल ब्लड सेंटर के वर्ष 24 अप्रैल 2019 से 23 अप्रैल 2020 तक के मरीज के ब्लड इश्यू से जुड़ी सारी जानकारी (रिकॉर्ड) को नष्ट किया जा रहा है।

अगर इस पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो अथवा इन अभिलेखों में से कुछ जानकारी लेनी हो तो, इस हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखित में ब्लड सेंटर प्रबंधक को एक महीने यानी दिनांक 18.09.2025 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। इस तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा और नष्ट किए गए अभिलेखों के संबंध में ब्लड सेंटर की कोई न्यायिक जिम्मेदारी नहीं होगी।

ब्लड सेंटर प्रबंधक

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 18.08.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक मॉरिस तुषार नंदी पिता प्रफुल्लों नंदी निवासी म.नं. ए-31, आफिसर्स कालोनी धरमपुरा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 187/80, 181/10 रकबा 0.0404 हे, 0.0140 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. ..... अ-12 वर्ष 2025 आदेश दिनांक 11.08.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 25.08.2025 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 18.08.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक रजत नंदी पिता मॉरिस तुषार नंदी निवासी म.नं. ए-31, आफिसर्स कालोनी धरमपुरा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 255/12 रकबा 0.0460 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. ..... अ-12 वर्ष 2025 आदेश दिनांक 11.08.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 25.08.2025 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

**कार्यालय रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 18.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मोहित नंदी पिता मॉरिस तुषार नंदी निवासी म.नं. ए-31, आफिसर्स कालोनी धरमपुरा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 187/79 रकबा क्रमशः 0.0392 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार/तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 11.08.2025 के परिपालन में दिनांक 25.08.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत दिनांक/समय में हल्का पटवारी हल्का नंबर 78 के धरमपुरा स्थित कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. सेरीखेड़ी




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## लक्ष्मी विहार में रही जन्माष्टमी की धूम

**आरंग।** लक्ष्मी विहार कॉलोनी आरंग के परमेश्वर महादेव मन्दिर में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्साहवर्धन के लिए बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। वैदेही मानस मंडली के तत्वावधान में लड्डु गोपाल की विधिवत पूजन पश्चात रसमयी भजनों की प्रस्तुति दी गई। मध्य रात्रि में बाल कृष्ण के प्राकट्य पर नन्द घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की नारे से वातावरण आनंदमय व भक्तिमय हो गया। देर रात तक श्रोतागण भजन गंगा में गोता लगाते रहे। कार्यक्रम में कॉलोनी अध्यक्ष पवन चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष मोहन साहू, भागवत प्रवक्ता पं छत्रधर दीवान, धनेष निषाद, पप्पू अरोरा, महिला मानस मंडली से अमरीका साहू, किरण दीवान, सतनाम कौर अरोरा, सीमा निषाद, नीतू वर्मा, नमिता मांझी, भुवनेश्वरी चंद्राकर, सत्यभामा साहू सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति बच्चे व श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। मध्य रात्रि को भगवान के जन्मोत्सव पर विशेष पूजा आरती व प्रसाद वितरण पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

## नवयुवक समिति ने जन्माष्टमी मनाई



**तरपोंगी।** स्थानीय ग्राम तरपोंगी में नवयुवक समिति द्वारा राधा कृष्ण मंदिर बस्ती पारा में कृष्ण जन्मोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम व ज्ञान गंगा मानस परिवार लखना, स्वर धारा मानस परिवार बैहार आरंग का रामायण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी व द्वितीय दिवस रायपुर जिला पंचायत के सभापति शैल महेंद्र साहू थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सावन नायक, उप सरपंच संतोष यादव, कामता वर्मा,रोशन वर्मा, हिमांशु निषाद, सुबोध दुबे, शशांक वर्मा ,रविकांत वर्मा, अंकित वर्मा, नितिन वर्मा, डोमन निषाद, विकास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**शुभारंभ : सशिमं सभा कक्ष निर्माण के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने 10 लाख देने की घोषणा की**

# जैन संस्कार केंद्र की होगी शिक्षा व संस्कार जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मोरध्वज के पावन नगरी की सबसे पिछड़े बस्ती रविदास नगर में नगर का प्रथम संस्कार केंद्र प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. महेश चंद्र जैन की पावन स्मृति में प्रारंभ हुआ। मां सरस्वती, ओम, भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर केंद्र का उद्घाटन करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के क्षेत्र में संस्कार केंद्र के माध्यम से पिछड़ी बस्तियों में शिक्षा के प्रति रुचि एवं संस्कार जागृत कर रही है। स्व. डॉ. महेश चंद्र जैन आजीवन समाज की सेवा करते रहे आज उनकी स्मृति उनके सुपुत्र नगर पालिका अध्यक्ष डा. संदीप जैन द्वारा प्रारंभ होने वाला यह केंद्र रविदास नगर की बच्चों को शिक्षा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में समर्थ होगी। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर आरंग को सभा कक्ष भवन के निर्माण के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्य वक्ता विद्या भारती के संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू ने कहा देश और समाज की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अपने सीमित साधनों के बावजूद छत्तीसगढ़ प्रांत में बिना शासन के अनुदान के 1600 विद्यालय चल रही है। जिसमें 500 केंद्र निशुल्क संस्कार केंद्र के रूप में चल रहे है। जिसे सरकारी प्रचलित भाषा में एकल शिक्षक विद्यालय कहा जाता है। अधिक से अधिक संख्या में खोलने की देशव्यापी योजना बनायी है।

**छत्तीसगढ़ में शासन के बिना अनुदान के 1600 विद्यालय संचालित**



### जीवन मूल्य का व्यवहारिक ज्ञान दिया जायेगा

संस्कार केंद्र प्रांत प्रमुख चंद्र कुमार डडसेना ने कहा रविदास नगर आरंग की सबसे पिछड़े बस्ती है यहां संत रविदास के अनुयायी चर्मशिल्पकार लोगों के बच्चों के लिए यह निशुल्क संस्कार केंद्र खेल-खेल में शिक्षा के साथ साथ गतिविधियों के माध्यम से जीवन मूल्य का व्यवहारिक ज्ञान दिया जायेगा। व्यक्ति का दो बार जन्म होता है, एक प्रकृति में और दूसरा संस्कृति में। संस्कृति हमें व्यवहार सिखाती है, व्यवहार से पता चलता है व्यक्ति का संस्कार कैसा है. कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ कनौजिया सोनार समाज के प्रादेशिक सचिव अनिल सोनी एवं चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा ने भी संबोधित किया।

### जीवनभर समाज सेवा में लगे रहे : डा. जैन

आभार प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा आज जो कुछ मै हूं पिताजी का आशीर्वाद है, वे जीवन भर समाज सेवा में लग रहे मैं उनके संस्कारों एवं सेवा कार्य को आगे बढ़ा रहा हूं। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर आरंग की भैया बहनों ने रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम, एवं नगर के भजन मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। ओडिया, सुआ एवं करमा नित्य ने सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन हिना चंद्राकर और सुषमा तिवारी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप डा. हेमलता जैन, बीजेपी आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र चंद्राकर, राजेंद्र वर्मा, समिति के व्यवस्थापक राजेश साहू, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष गणेश साहू, कृष्ण कुमार भारद्वाज, कमल नारायण देवांगन, अशोक चंद्राकर, बीजेपी आरंग मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता गण आरंग नगर पालिका के उपाध्यक्ष हिरामन कोसले, पार्षद गण नरेंद्र लोधी, पुष्कर साहू, संतोष लोधी, वीरेंद्र काड़रा, पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, खिलेश धुरंधर, विक्रम परमार, तोषण साहू, महिला मोर्चा के पद्मिनी साहू, आशा वैष्णव, आशा साहू, संगीता साहू, इन्द्राणी साहू, मेनका सोनी एवं विभिन्न जनप्रतिनिधि, प्रधानाचार्य नितेश्वरी लोधी सहित सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल के आचार्य एवं रविदास नगर सहित नगर के गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## संकुल स्तरीय खेलकूद में 7 विद्यालय के विद्यार्थी हुए शामिल, विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के ग्राम भारती जिला रायपुर के संकुलों में खेलकुद प्रतियोगिता आयोजित हुआ। इसी कड़ी मे रीवां संकुल के सरस्वती शिशु मंदिरों गुल्लू, भानसोज, रीवा, खौली, चंदखुरी, फरफौद व मंदिर हसौद के कक्षा अष्टम तक के भैया बहनों का खेलकुद हुआ। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वल्लित कर घसीयाराम साहू रीवा सरपंच, सुरेन्द्र नशीने सचिव जिला रायपुर, नंदलाल डहरिया कुकरा सरपंच, सुरज साहू रीवा उप सरपंच द्वारा किया गया। विभिन्न खेलो में विजेता खिलाड़ियों मे बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ चिंटूराय रीवा, 200 मीटर दौड़ कुणाल चंदखुरी, 400 मीटर दौड़ भुनेश चंदखुरी, 600 मीटर दौड़ चिंटू राय रीवा, तावा फेक टीपू यादव चंदखुरी, गोला फेक आयुष चंदखुरी, लंबी कुंद डागेशवर चंदखुरी, ऊँची कुंद जितेशवर साहू मंदिर हसौद, बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ मीनल भानसोज, 200 मीटर दौड़ वैशाली चंदखुरी, 400 मीटर दौड़ लीना पटेल गुल्लू, 600 मीटर दौड़ चेतना यादव रीवा, तावा फेक वैष्णवी खौली, गोला फेक वैष्णवी खौली, लंबी कुंद कुमुद मंदिर हसौद, ऊँची कुंद मीनल भानसोज, बहन वर्ग खो-खो रीवा, कबड्डी फरफौद, भैया वर्ग खो-खो रीवां, कबड्डी गुल्लू ने प्रतियोगिता जीता। प्रतियोगिता में सम्मलित सभी विद्यालयों के भैया बहनों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया व विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार प्रदान कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

## लूटपाट के गिरफ्तार 5 आरोपियों में दो नाबालिग चोरी का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धरसींवा और सिलतरा के बीच का शांत माने जाने वाला इलाका अब अपराधियों का गढ़ बन चुका है। आए दिन हो रही लूटपाट, चोरी और मारपीट की घटनाओं ने यहां के निवासियों और फैक्ट्री कर्मचारियों में दहशत भर दी है। पुलिस ने हाल ही में लूटपाट के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फैक्ट्री से काम खत्म कर देर रात घर लौट रहे कर्मचारियों को आए दिन चाकू की नोक पर लूटा जा रहा है। सुनसान रास्तों पर घात लगाकर बैठे ये अपराधी मोबाइल, पैसे और अन्य कीमती सामान छीन लेते हैं। इन घटनाओं ने न केवल कर्मचारियों को, बल्कि पूरे क्षेत्र के निवासियों को भी भयभीत कर दिया है। गिरफ्तार आरोपियों विमल शशिकर पिता युगदीप शशिकर उम्र 18 वर्ष नगर पंचायत कुरा ,योगेश देवांगन पिता उत्तम देवांगन 19 वर्ष नगर पंचायत कुरा, महेश यादव पिता लेख राम यादव सहित तीन नाबालिग शामिल हैं। आरोपियों से लूटा हुआ कुछ सामान भी बरामद किया गया है। सभी के खिलाफ अपराध क्रमांक 403/25, धारा 126(2), 119(1), 296, 115(2), 309(5), 351(2), 191(2), 191(3) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें रिमांड पर भेजा गया है।



### पांच गिरफ्तार

थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान ने बताया कि धरसींवा-सिलतरा क्षेत्र में अपराधों को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हाल ही में चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। हमारी टीम रात में गश्त बढ़ा रही है और जनता से भी अपील करती है कि वे बिना डरे कोई भी शिकायत सीधे थाने में दर्ज कराएं। हम अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखेंगे और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

## सशिमं में स्वतंत्रता दिवस पर मां भारती की आरती उतारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल आरंग में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक नारायण गुप्ता प्रदेशाध्यक्ष छ.ग. प्रान्त भारत रक्षा मंच छ.ग., अध्यक्षता चन्द्रशेखर साहू अध्यक्ष डॉ हेडगेवार बाल कल्याण समिति आरंग, विशेष अतिथि पंकज वर्मा एमडी-मेडिसिन एण्ड संचालक त्रिवेणी डेंटल केयर चंदखुरी के साथ डॉ. हेडगेवार बाल कल्याण समिति के उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, व्यवस्थापक राजेश साहू, कोषाध्यक्ष गणेश साहू, सदस्य कमलनारायण देवांगन ने माँ सरस्वती, ओम और भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वालित किया।

■ बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया गया

**अरपा पैरी की धार का गीत गायनः** उसके बाद मुख्य अतिथि अशोक नारायण गुप्ता ने ध्वज पूजन कर ध्वजरोहन किया। ध्वजरोहन के पश्चात राष्ट्रगान और भारत माता का आरती हुआ। तत्पश्चात राजकीय गीत अरपा पैरी की धार का गीत गायन किया गया। उसके पश्चात कार्यक्रम के अतिथियों को तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ और श्रीफल भेट किया गया। स्वागत के पश्चात कक्षा अरुण से दशम तक के भैया-बहनो द्वारा गीत, कविता, भाषण प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि अशोक नारायण गुप्ता ने स्वतंत्रता की बधाई देते हुये कहा की अनेक वीर शहीदो ने बलिदान देकर हमारे देश को आजाद कराया। शिशु मंदिर का संस्कार सबसे उत्कृष्ट रहता है। यहाँ बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विशेष अतिथि डॉ पंकज वर्मा ने कहा नैतिकता की शिक्षा शिशु मंदिर मे दी जाती है जिससे भैया बहन संस्कारी बनते है। कोषाध्यक्ष गणेश राम साहू ने कहा संस्कार के आभाव मे लोग गलत रास्ते को चुनते है संस्कार देने के मामले मे शिशु मंदिर की शिक्षा सबसे अच्छा है। सहचिव तेजराम जलक्षत्रि ने कहा कि हम तब पूर्ण रूप से स्वतंत्रता को पूर्ण होंगे जब हमारी बहु बेटियां आजादी के साथ घूम फिर सकेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारिणी सदस्य कौशल चंद्राकर, राकेश गुप्ता, बीजेपी से संजय जलक्षत्रि, पूर्ण छात्र दुर्गेश जलक्षत्रि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे प्राचार्य नितेश्वरी लोधी द्वारा स्वतंत्रता दिवस की बधाई देकर आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन हिना चंद्राकर व सुषमा तिवारी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के साथ किया गया।

## तिल्दा बस्ती विद्यालय में सफाई कर्मी की नियुक्ति में मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा




तिल्दा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तिल्दा बस्ती में सफाई कर्मी नियुक्ति में मनमानी का आरोप प्रधान अध्यापिका सवालों के घेरे में। मां मावली माता मंदिर तिल्दा बस्ती के सामने स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सफाई कर्मी की नियुक्ति मामले में स्कूल की प्रधान अध्यापिका और एक शिक्षक के ऊपर मनमानी का आरोप लगाया गया है। बताया गया कि यहां पदस्थ एक महिला सफाई कर्मी की आकस्मिक निधन हो गई, निधन के कुछ दिनों बाद ही स्कूल की प्रधान अध्यापिका भुवनेश्वरी वर्मा ने महिला के परिजनों को फोन कर पूछी की घर के कोई सदस्य यहां उक्त पद पर कार्य करेंगे का क्या जहां पर घर के सदस्यों ने हामी भरी कि हां घर के कोई ना कोई सदस्य उस पद पर वहां पर कार्य करेंगे जहां प्रधान अध्यापिका द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जमा करने कहा गया जहां उसे बताया गया कि अभी तीन-चार दिन ही निधन हुए हुआ है आप भी जन रहे है ,मृत्यु प्रमाण पत्र बनने में थोड़ा समय तो लगेगा एवं दशगात्र कार्यक्रम के बाद जमा जाएगी, इस बीच स्कूल की प्रधान अध्यापिका ने आनन फानन में सफाई कर्मी की आवश्यकता का पाम्पलेट निकलवा कर स्कूल में चस्पा करवा दी एवं मृतिका सफाई कर्मचारी के परिजन जब इस बात की जानकारी के लिए प्रधानाध्यापिका से पूछे तो वह गोल-गोल जवाब देने लगी, साथ ही 15 अगस्त जन्माष्टमी की छुट्टी के बाद 17 अगस्त सोमवार को उक्त प्रधान अध्यापिका द्वारा आनन फानन में नवनियुक्त जन भागीदारी समिति की बैठक बुलवा ली और सफाई कर्मचारी के आए लगभग 5 से 6 आवेदन पत्रों को रखकर उनके बीच से चिट निकालना फरमान जारी कर दी।

### सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

साथ ही सबसे बड़ा सवाल यह है कि अभी सफाई कर्मचारियों का हड़ताल चल रहा है, और ऐसे में इतनी क्या जल्दबाजी हो गई कि उक्त प्रधान अध्यापिका को हड़ताल के बावजूद सफाई कर्मचारी नियुक्ति की पहल करनी पड़ी । नवनियुक्त जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सदस्यों के समक्ष चिट निकालकर सफाई कर्मी की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी, जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने बैठक में सभी के सामने यह भी बोली की उक्त नियुक्ति का अधिकार प्रधान अध्यापिका को है । इसके बाद प्रक्रिया पूरी कर ली गई वहीं इसमें स्कूल के एक शिक्षक की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं । नवनियुक्त जनभागीदारी समिति से उन्होंने रजिस्टर पर दस्तखत भी ले लिए। अब सवाल यह उठता है कि जब सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी है तो इतनी क्या जल्दबाजी हो गई और किस आधार पर प्रधान अध्यापिका भुनेश्वरी वर्मा को मनमानी नियुक्ति प्रक्रिया करनी पड़ी।

**जांच कराई जाएगी : बीईओ**

इसकी शिकायत विकासखंड शिक्षा अधिकारी तिल्दा नेवरा से भी की गई है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दास ने कहा कि मामले को दिखवाता हूं।

## बैहार स्कूल में बच्चों न्योता भोज कराया

**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग वार्ड क्र. 16 बैहार के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता द्वारा अपनी धर्मपत्नि स्वर्गीय इंद्राणी गुप्ता की स्मृति में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस न्यौता भोज कार्यक्रम में गुप्ता परिवार स्वयं उपस्थित होकर अपने हाथों से सभी बच्चों को केला, गुलाब जामुन, लड्डू, मिक्चर, परोसा गया। विद्यालय परिवार के तरफ से न्यौता भोज आयोजन पर गुप्ता परिवार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## स्वतंत्रता दिवस पर किया गया 50 पौधों का रोपण

**धरसीवा / कूंरा।** वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं वृक्ष हैं तो हम हैं हमारा जीवन है इसलिए हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनका संरक्षण संवर्धन करने की आवश्यकता है। यह बात स्वाधीनता दिवस के अवसर पर फार्च्यून मेटालिक्स लिमिटेड के निदेशक सौरभ बंसल ने कही स्वाधीनता दिवस के शुभ अवसर पर फेक्ट्री परिसर में वृक्षारोपण करते हुए उन्होंने अपने फेक्ट्री में कार्यरत श्रमिकों कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि अपने गांव में अपने घरों के आंगन में जहां भी उचित स्थान हो अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनका संरक्षण संवर्धन तब तक करें जब तक वह अच्छे वृक्ष न बन जाएं सौरभ बंसल ने आगे कहा कि वृक्ष हमें ऑक्सीजन रूपी प्राणवायु देते हैं जिससे हम जीवित रहते हैं बिना ऑक्सीजन के मनुष्य या कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह सकता इसलिए वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इसके पूर्व संस्था के सीईओं राजेश गौर द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस मनाया और जन्माष्टमी पर की रासलीला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के विद्यार्थियों ने कृष्णा जन्माष्टमी मनाई। इस अवसर पर बालिकाएं राधा और बालक कृष्ण के वेशभूषा में विद्यालय आए। सभी विद्यार्थी मिलकर गरबा, डांडिया एवं रासलीलाएं की। बच्चे दही हांडी और बांसुरी लेकर आए थे। वही 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह सृजन विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि कृष्णा कुमार सोनकर रहे। केजी-1 से 12वीं तक के 53 कार्यक्रम, भाषण गीत एवं कविताओं के माध्यम से देशभक्ति की भावना विद्यार्थियों और शिक्षकों में जगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की आरती के पश्चात ध्वजारोहण किया गया। स्काउट गाइड एवं रेड क्रॉस के विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता गोपी पाल ने हाय स्कूल मैदान में मशाल प्रज्वलित कर दौड़ लगाई और विधायक गुरु खुशवंत साहेब तक पहुंचाई। देश भक्ति से परिपूर्ण नृत्य मैदान में की गई, जिस पर प्रसन्न होकर इनामो की बौछार हुई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शंकर लाल सोनकर, मदनलाल सोनकर, धर्मराज सोनकर आदि उपस्थित थे। 11वीं विज्ञान के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य प्रस्तुत किया। छोटे बच्चे सिपाही एवं भारत माता की वेष में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष श्री छात्रधारी सोनकर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। विद्यालय की प्राचार्य यशोदा योगी, उपप्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सुहाग देवांगन, संरक्षक लखन लाल सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सह सचिव सतीश सोनकर सभी ने मिलकर कार्यक्रम के अध्यक्ष को साल और श्रीफल भेंट किया।

पेज 11 के शेष...

### मेडिकल में प्रवेश का...

शुरुआत से ही दंतरोग की पढ़ाई का लक्ष्य बनाया था, ऐसे करीब दर्जनभर लोगों ने निजी के साथ शासकीय कालेज की कुछ सीटों पर एडमिशन लेने का काम पूरा किया। काउंसिलिंग कमेटी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अगले पांच दिन में एमबीबीएस की करीब तीस फीसदी सीटों पर एडमिशन पूरा हो जाएगा। वहीं बीडीएस की सीटों पर प्रवेश दूसरे राउंड के बाद ही जोर पकड़ेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन पंजीयन के आधार पर 1988 लोगों की आवंटन सूची जारी की थी। चयनित अभ्यर्थी दस्तावेजों की जांच के बाद प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं।

### उरकुरा रेलवे स्टेशन की...

पर रेलवे ने सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, वहां कोई तोड़फोड़ या चोरी नहीं हुई है, लेकिन कैमरे की निगरानी से बाहर के हिस्सों में सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया गया है। स्टेशन में शौचालय अंतिम छोर पर बनाया गया है। इसके आसपास कैमरा नहीं है। शाम 7 बजे के बाद स्टेशन परिसर में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ जाती है। ट्रेनों की आवाजाही कम होने से स्टेशन सूनसान हो जाता है। स्टेशन परिसर में शराब की बोतलें भी देखने को मिली।

असामाजिक तत्वों के कारण वेटिंग हॉल बंद

उरकुरा स्टेशन पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, लेकिन असामाजिक गतिविधियों की वजह से कई सुविधाओं से यात्री वंचित हो रहे हैं। स्टेशन परिसर में बना वेटिंग हॉल फिलहाल बंद रखा गया है। सोमवार को भी इसके दोनों दरवाजे बंद मिले। वहीं प्लेटफार्म से तीन से चार पंखे गायब थे। इस पर स्टेशन पर मौजूद रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बरसात के दौरान पंखे खराब हो गए थे, जिन्हें मरम्मत के लिए निकाला गया है।

### नलों में नहीं आ...

खाने के लिए एक स्टॉल भी मंजूर है, लेकिन वह अक्सर बंद रहता है। ऐसे में यात्रियों को पानी या खाने-पीने की चीजों के लिए स्टेशन परिसर से बाहर जाना पड़ता है।

### बदमाशों के खिलाफ...

बदमाशों में से 50 के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस ने आठ बदमाशों के खिलाफ आबकारी एक्ट, 22 बदमाशों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की है। इसके साथ ही पुलिस ने भारी मात्रा में ऑनलाइन आर्डर कर मंगाए गए चाकू जब्त किए। साथ ही पुलिस ने कई लड़के जिनका अपराध का ट्रैक रिकार्ड नहीं रहा है, उनके द्वारा ऑनलाइन चाकू आर्डर कर मंगाए जाने पर समझाइश देकर उन्हें छोड़ा है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 18 दिन के भीतर एक दर्जन से ज्यादा चाकूबाजी की घटना को देखते हुए बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है।

शोक संदेश



जन्म 28/03/1964
स्वर्गवास 10/08/2025

स्व. श्रीधर चन्द्राकर

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति श्री श्रीधर चन्द्राकर का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 10.08.2025, दिन रविवार को हो गया है। अतः आप सपरिवार पधारकर मृतात्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें। (प्रकृति के नियम एवं विधि के विधान के सामने हम सभी नतमस्तक है।)

कार्यक्रम
दशगात्र : दिनांक 19.08.2025, मंगलवार
कार्यक्रम स्थल : ग्राम रसनी (आरंग)
नोटः तालाब का कार्यक्रम दोप. 12 बजे तक संपन्न होगा।

शोकाकुल
ओमकार, हेतराम, जितेन्द्र, खोमन, त्रिभुवन, राजू, राजेश, सौमिल, सिद्धार्थ, भौमिक, पवन, सुधीर, होरीलाल, जीतू, अयोद्धा, बसंत अश्वनी, विरेन्द्र, राजपाल, नीलकंठ, देवव्रत, यश एवं समस्त गौतम परिवार...

विनीत
श्रीमती सुलन चन्द्राकर (पत्नि)
नवीन- भारती चन्द्राकर (पुत्र-पुत्रवधु)
गिरधारी - सरस्वती चन्द्राकर (भैय्या-भाभी)
दिलीप, विनोद, तरुण, विकास (भतीजा)
ममता- टिकेन्द्र चन्द्राकर (बेटी-दामाद)
निहान (पौत्र), जानकी, जनक (बहन)
मो. 9754000301

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप



### डॉ. नीरेंद्र बने प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ का 30 वर्षों के बाद सामाजिक निर्वाचन निर्विरोध हुआ। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि समाज की एकता, समझदारी और परिपक्वता का जीवंत उदाहरण है। यह जानकारी संघ के संयुक्त सचिव प्रदीप साहू ने देते हुए बताया कि प्रदेश स्तर पर आयोजित इस निर्वाचन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं संगठन सचिव के पद के लिए अनेक दावेदार सामने आए। प्रदेश स्तर पर आयोजित इस निर्वाचन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं संगठन सचिव के पद के लिए अनेक दावेदार सामने आए। किंतु समाज के वरिष्ठ पथप्रदर्शकों उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, धनेंद्र साहू, विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विपिन साहू, थानेश्वर साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, लखनलाल साहू, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सियाराम साहू, विधायक दीपेश साहू, वरिष्ठजन चित्रलेखा साहू, विद्यादेवी साहू, अशोक साहू, खिलावन साहू, प्रीतम साहू एवं पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने एक अद्वितीय पहल करते हुए समन्वय बनाया। इस निर्वाचन में अनुभव एवं सेवा-भाव को प्राथमिकता देते हुए निम्न पदाधिकारियों का चयन हुआ, जिसमें प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू और प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, डॉ. तिलक साहू और साधना साहू को बनाया गया है। अन्य पदाधिकारियों में संयुक्त सचिव प्रदीप साहू, बीना साहू, संगठन सचिव डॉ. सुनील साहू, चंद्रवती साहू को चुना गया।

### गोवंश संरक्षण के लिए चलाया महाहस्ताक्षर अभियान

रायपुर। महादेवघाट शनि मंदिर में शिवसेना ने स्टॉल लगाकर गोवंश



संरक्षण के लिए अपार जनसमर्थन हासिल किया। शिवसेना का गोवंश संरक्षण महाहस्ताक्षर अभियान एक प्रदेशव्यापी आंदोलन है, जो विगत एक माह से राज्यभर में चलाया जा रहा है। शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार द्वारा 3 जुलाई को प्रदेश कार्यालय रायपुर से इसका आगाज किया गया था। महानगर अध्यक्ष साईं प्रजापति के नेतृत्व में यह अभियान पूरे रायपुर शहर-शहर, गांव गांव तक फैलाया जा रहा है। इस दौरान शिवसेना प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, रेशम जांगड़े, एचएन सिंह पालीवार, संजय नाग, सूरज साहू, सुरेश तिवारी, हिमांशु शर्मा, कमलाकर यादव, संजू साहू, नरेंद्र प्रजापति, प्रभात बिस्वास, शिवराम साहू, जिगर प्रजापति शामिल हुए।

## निधन

### अनिल कुमार शर्मा



रायपुर। कोटा निवासी अनिल कुमार शर्मा (68) का 18 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुढ़ियारी मुक्तिधाम में किया गया। वे अंजली शर्मा और पूजा शर्मा के पिता थे।

### शमा पात्रे



रायपुर। धरमनगर पचपेड़ीनाका निवासी शमा पात्रे (38) का 18 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अगस्त को सुबह 10 बजे सेंट पॉल कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे सीएसईबी में कार्यरत रेणुका पात्रे की पुत्री और रेशमा, जॉन, जय, प्रतिमा की बहन थीं।

# विद्यार्थी जानेंगे भारतीय विद्वानों के गणितीय योगदान, पढ़ेंगे प्रमुख ग्रंथ व संस्कृत श्लोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई भारत के गणितीय योगदान को दर्ज करने के लिए 150-175 पन्नों का मोनोग्राफ तैयार करेगा।

■ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपराओं को किया जा रहा पाठ्यक्रम में शामिल

इसमें प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक खोजें, प्रमुख ग्रंथ, संस्कृत श्लोक, खगोल विज्ञान व वास्तुकला में गणित के प्रयोग शामिल होंगे। सीबीएसई के अनुसार, यह एक 150 से 175 पन्नों का 'अथॉरिटेटिव मोनोग्राफ' होगा, जिसमें प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक भारत की महत्वपूर्ण गणितीय खोजों और नवाचारों का विस्तृत विवरण होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस बात पर जोर देती है कि भारत की ज्ञान परंपराओं को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए और ऐसे अध्ययन सामग्री विकसित की जाए जो सांस्कृतिक रूप से जुड़ी हो और वैश्विक स्तर पर भी प्रासंगिक हो। इसी उद्देश्य से सीबीएसई भारत के गणित में योगदान पर एक प्रामाणिक मोनोग्राफ तैयार करेगा।

हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इसे कौन की कक्षा के छात्रों को पढ़ाया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सीबीएसई द्वारा पूर्व में भी कई स्तर पर बदलाव किए गए हैं। सिलेबस संबंधित बदलाव क्रमशः किया जा रहा है।

## भारतीय विद्वानों द्वारा किए गए नवाचार भी होंगे पाठ्यक्रम का हिस्सा

### डिजिटल व प्रिंट रूप में उपलब्ध

यह मोनोग्राफ किसी शैक्षणिक साझेदार या एजेंसी के माध्यम से तैयार किया जाएगा, जिसे खुले चयन प्रक्रिया से चुना जाएगा। तैयार होने के बाद इसे डिजिटल और प्रिंट, दोनों स्वरूपों में स्कूलों, छात्रों और शिक्षकों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इस दस्तावेज में भारतीय गणित के उपयोग को खगोल विज्ञान, वास्तुकला, वाणिज्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी दर्शाया जाएगा। सामग्री की प्रामाणिकता के लिए इसमें मूल संस्कृत श्लोकों का अनुवाद और संदर्भ स्रोत भी शामिल किए जाएंगे।




### ग्रंथों और विद्वानों का जिक्र

मोनोग्राफ में प्रमुख गणितज्ञों, विचारधाराओं और ग्रंथों जैसे शुल्ब सूत्र, आर्यभाटिया, ब्रह्मस्फुट सिद्धांत, लीलावती और केरल स्कूल ऑफ मैथमेटिक्स के योगदान को विस्तार से शामिल किया जाएगा। इसमें जीवन परिचय, समय-रेखाएं, चित्रों के माध्यम से उदाहरण और विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने वाली सामग्री भी जोड़ी जाएगी। सीबीएसई इस परियोजना के लिए एक विशेषज्ञ सलाहकार समिति बनाएगा, जिसमें गणित के इतिहासकार, संस्कृत विद्वान, गणित शिक्षा विशेषज्ञ और शिक्षाविद शामिल होंगे। यह समिति मोनोग्राफ की संरचना और सामग्री पर मार्गदर्शन देगी।

### राजिम के साथ अभनपुर और सीबीडी में भी मिलेगी लिफ्ट की सुविधा

# राजिम स्टेशन पर लगेगी लिफ्ट, 250 की जगह सिर्फ़ 100 मीटर पैदल चलना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजिम रेलवे स्टेशन के 250 मीटर लंबे ब्रिज पर चढ़ते समय बुजुर्गों और दिव्यांगों की सांसें अब नहीं फूलेंगी। रेलवे वहां के स्टेशन में लिफ्ट लगाने की योजना बना चुका है। हरिभूमि ने 19 जुलाई के अंक में "राजिम स्टेशन चढ़ते छूटेगा यात्रियों का पसीना" शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी, जिसमें ब्रिज की जटिल डिजाइन और यात्रियों की परेशानी को प्रमुखता से उठाया गया था। यह ब्रिज न केवल लंबा है, बल्कि इसमें दो चढ़ाई वाले घुमावदार मोड़ भी हैं।

खबर का असर

स्टेशन पर आने-जाने के लिए यात्रियों को पहले 40-40 मीटर की चढ़ाई, फिर घुमावदार मोड़, उसके बाद करीब 100 मीटर सीधा पैदल रास्ता और दोबारा 40-40 मीटर उतराई पार करनी पड़ेगी। कुल मिलाकर प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए करीब 250 मीटर पैदल चलना अनिवार्य है, लेकिन अब लिफ्ट लगने के बाद यात्रियों को इतनी लंबी चढ़ाई और पैदल चलने की जरूरत नहीं होगी। फिलहाल प्लेटफॉर्म पर लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं है, लेकिन जल्द ही स्टेशन में जगह तय कर लिफ्ट स्थापित की जाएगी।

## यात्रियों को लंबी चढ़ाई से मिलेगी मुक्ति


राजिम स्टेशन आते-जाते छूटेगा यात्रियों का पसीना
सड़क से प्लेटफॉर्म 250 मीटर, लंबे ब्रिज में चार मोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अभनपुर से राजिम के बीच ट्रेन संचालन की तैयारियां रेलवे ने तेज कर दी हैं। 15 अगस्त से इस मार्ग पर ट्रेन चलने की संभावना है। हालांकि, राजिम स्टेशन पर प्लेटफॉर्म तक पहुंचने की व्यवस्था यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन सकती है। रेलवे ने स्टेशन पर यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाएं जरूर उपलब्ध कराई हैं, लेकिन प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए बनाए गए ब्रिज की जटिल बनावट यात्रियों की कठिनाई बढ़ा सकती है। ब्रिज की डिजाइन ऐसी है कि यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए करीब 250 मीटर पैदल चलना पड़ेगा। हरिभूमि ने शनिवार को राजिम स्टेशन का मौके पर ▶▶ शेष पेज 13 पर

स्टैंडर्ड ब्रिज मॉडल

### अभनपुर और सीबीडी में भी मिलेगी सुविधा

राजिम की तरह अभनपुर स्टेशन में भी लंबा ब्रिज है, जहां यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे लिफ्ट उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा सीबीडी स्टेशन में भी लिफ्ट स्थापित की जाएगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि लंबे ब्रिज कम जगह वाले स्टेशनों में बनाए जाते हैं। यह रेलवे का स्टैंडर्ड ब्रिज मॉडल है और देशभर में ऐसे हजारों ब्रिज बनाए जा चुके हैं। यात्रियों को परेशानी न हो, इसलिए इन ब्रिजों को स्लोप के साथ तैयार किया गया है।

### यात्रियों को लिफ्ट की सुविधा मिलेगी

राजिम, अभनपुर और सीबीडी स्टेशन में लिफ्ट लगाई जाएगी। लिफ्ट से बुजुर्गों व दिव्यांगों सहित सभी वर्ग के यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

*- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेल मंडल*

### यात्रियों को सामान चढ़ाने में होती दिक्कत

हरिभूमि ने खबर के जरिए यात्रियों की समस्या बताई थी। ब्रिज में मोड़ और चढ़ाई होने से यात्रियों की न केवल सांस फूलती थी, बल्कि सामान लेकर चढ़ने में भी परेशानी होती थी। अब लिफ्ट की सुविधा मिलने से यह समस्या दूर हो जाएगी। यात्रियों को सिर्फ़ 90 से 100 मीटर ही चलना होगा, इसके बाद दोनों ओर लिफ्ट उपलब्ध रहेगी। बताया जा रहा है कि रेलवे जल्द ही इस महीने से स्टेशन से ट्रेन परिचालन शुरू करने की तैयारी में है।

कलेक्टर के आदेश के बाद होगी कार्रवाई

# कुर्की रोकने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


पुलिस के आवेदन पर कोर्ट ने दी स्वीकृति, कलेक्टर को भेजा प्रतिवेदन
हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधु को मिली मोहलत आज होगी खत्म, फिर होगी संपत्ति कुर्क

सूदखोर तोमर भाइयों को सरेंडर करने कोर्ट ने 18 अगस्त तक उद्घोषणा जारी की थी। उद्घोषणा की अवधि सोमवार को समाप्त हो गई। बावजूद इसके सूदखोरी, एक्सटार्सन, ब्लैकमेलिंग, मारपीट, आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी वीरेंद्र तोमर, रोहित तोमर पेश नहीं हुए। कोर्ट के आदेशानुसार उद्घोषणा अवधि समाप्त होने के बाद दोनों भाइयों की चार संपत्ति कुर्क की जानी है। कुर्की की कार्रवाई से बचने तोमर भाइयों ने अग्रिम जमानत के लिए सेशन कोर्ट में पूर्व में याचिका दायर की थी, जो खारिज हो चुकी है। इसके बाद दोनों भाइयों ने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर मंगलवार को सुनवाई होगी।

■ मियाद समाप्त होने के बाद भी सूदखोर तोमर भाइयों ने नहीं किया सरेंडर

पुलिस अफसरों के अनुसार कोर्ट में याचिका दायर होने के बाद भी जब तक सुनवाई नहीं होती, कलेक्टर आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने आदेश जारी कर सकता है। आरोपियों के पक्ष में फैसला आने पर कुर्की हटा दी जाएगी। बचाव पक्ष के वकील ने आरोप लगाया है कि मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में पेंडिंग है, इस वजह से संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई गलत है। पुरानी बस्ती सीएसपी के अनुसार कोर्ट के प्रतिवेदन के आधार पर संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई अब राजस्व विभाग के अफसर करेंगे। संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई के दौरान पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराएगी।

### आरोपियों की पतासाजी अब भी जारी

पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम फरार सूदखोर तोमर भाइयों की पतासाजी करने अब भी जुटी हुई है। तोमर भाइयों के बारे में पुलिस को अब तक किसी भी प्रकार का कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों के मोबाइल सर्विलांस में रखे जाने के बावजूद सूदखोर भाइयों के लोकेशन के बारे में पुलिस को अब तक जानकारी नहीं मिल पाई है। तोमर भाइयों से जुड़े लोगों से पुलिस पूछताछ लगातार जारी है।

### गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस की हो रही किरकिरी

दो माह से ज्यादा समय से फरार तोमर भाइयों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस की किरकिरी हो रही है। इसीलिए पुलिस अफसर तोमर भाइयों की संपत्ति जल्द से जल्द कुर्क हो, इसके लिए प्रयास कर रही है। सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद सूदखोर भाइयों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई में तेजी आ सरकती है। इसकी वजह सरेंडर करने की समय सीमा समाप्त होना भी है।

### डॉ. चंद्राकर अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त



रायपुर। रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स एण्ड फिजीशियन्स ग्लासगो, यूके ने विश्वभर से आए अनेक आवेदनों में से डॉ. नीरज चंद्राकर को चुनिंदा विशेषज्ञों में शामिल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने और क्लीनिकल उत्कृष्टता की दिशा में सतत प्रयासों के कारण की गई है। अपनी नियुक्ति पर डॉ. चंद्राकर ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और सम्मान का विषय है। मैं इस अवसर का उपयोग भारत और वैश्विक चिकित्सा समुदाय के बीच सेतु निर्माण, ज्ञान विनिमय को प्रोत्साहित करने और रोगी देखभाल के उच्चतम मानकों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करूंगा। साथ ही अपने सहयोगियों, शुभचिंतकों का आभार जताया।

# शराब घोटाले को लेकर ईडी ने चैतन्य की पांच दिन के लिए मांगी रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों रुपए के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य की न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। शराब घोटाला में नए तथ्य मिलने का दावा करते हुए ईडी ने चैतन्य से पूछताछ करने पांच दिनों की पुलिस रिमांड देने कोर्ट में आवेदन लगाया है। कंडोलेंस (शोक सभा) होने की वजह से रिमांड पर सुनवाई नहीं हो पाई। चैतन्य को रिमांड पर देने ईडी तथा बचाव पक्ष के वकील मंगलवार को दलील पेश करेंगे। ईडी की विशेष कोर्ट ने चैतन्य को एक दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया।

■ रिमांड को लेकर कोर्ट में आज होगी सुनवाई, एक दिन के लिए न्यायिक रिमांड बढ़ाई गई

चैतन्य को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 11 बजे सेंट्रल जेल से कोर्ट लाया गया। ईडी की वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश करते हुए दावा किया कि जांच के दौरान ईडी को शराब घोटाले में नए तथ्य मिले हैं। इसके लिए चैतन्य से पूछताछ कर जरूरी जानकारी जुटाने ईडी ने चैतन्य की पांच दिनों की पुलिस रिमांड देने मांग की है। पिछली सुनवाई 4 अगस्त को हुई थी। इस दौरान कोर्ट ने चैतन्य को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया था। इसके पहले चैतन्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी को गलत बताते हुए चुनौती दी गई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई से इनकार कर हाईकोर्ट जाने के लिए कहा था। इसके बाद भूपेश और चैतन्य के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने याचिका दायर की है।



### डेढ़ माह से जेल में बंद

ईडी ने चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन पर 18 जुलाई को भिलाई स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया था। पूछताछ करने के बाद ईडी ने चैतन्य को कोर्ट में पेश किया। इसके बाद से वे न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। जांच के दौरान क्या नए तथ्य मिले हैं, मंगलवार को ईडी कोर्ट में तर्क पेश करेगी, इसके बाद इस बात की जानकारी मिल पाएगी।

# कथित सुसाइड मामले में बॉडी ढूंढने निकली पुलिस को महानदी में मिली किसी दूसरी महिला की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब लाश ढूंढने निकली पुलिस को किसी दूसरी महिला की लाश मिली। जिस महिला की पुलिस को कथित तौर पर सुसाइड करने की जानकारी मिली थी, वह उस महिला की लाश नहीं है। जिस महिला की खुदकुशी करने की बात कही जा रही है, पुलिस को उस महिला की अब तक लाश नहीं मिली है।

■ जिस महिला की नदी में कूदने की बात सामने आ रही उसे किसी ने नदी में कूदते नहीं देखा

आरंग टीआई राजेश सिंह के मुताबिक सुबह थाने में सूचना आई थी कि एक महिला ने महानदी ब्रिज से कूदकर खुदकुशी कर ली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तथा गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को घटना स्थल के पास रेलिंग में बंधा एक दुपट्टा जिसमें स्कूटी की चाबी बंधी हुई मिली। घटना स्थल के पास स्कूटी मिली। जिस महिला द्वारा आत्महत्या करने ब्रिज से कूदने की बात कही जा रही है, उस महिला की पहचान पारागांव निवासी स्वाति त्रिवेदी (27) वर्ष के रूप में होने की बात पुलिस कह रही है। महिला की शादी दो वर्ष पूर्व रायपुर के अजय त्रिवेदी के साथ हुई है। महिला का एक ढाई माह का बच्चा है।



### नदी किनारे अधेड़ महिला की लाश

पुलिस तथा गोताखोरों की टीम स्वाति की नदी में तलाश कर रही थी, इस दौरान नदी किनारे एक महिला की लाश मिली है। लाश तीन से चार दिन पुरानी है। इसके कारण लाश पूरी तरह से सड़ चुकी है। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। महिला के पके हुए बाल से पुलिस को मृतका की उम्र 40 वर्ष से ज्यादा होने की आशंका है।

### एक दिन पूर्व सास, ससुर पति मिलने आए थे

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक एक दिन पूर्व स्वाति का पति, सास तथा ससुर मिलने के लिए आए थे। मृतका का ससुराल वालों के साथ किसी तरह से विवाद होने या अन्य कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार स्वाति ने खुदकुशी की है या नहीं, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। जानकारी जुटाने पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

# धोबी समाज ने स्वास्थ्य मंत्री का किया अभिनंदन



रायपुर। डीकेएस हास्पिटल के विवादित टेंडर के निरस्त होने पर छत्तीसगढ़ धोबी समाज के सदस्यों और प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर समाज के लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल को धन्यवाद दिया और कहा कि हम लोग के पैतृक व्यवसाय को दूसरे वर्ग के लोग हड़पने की कोशिश कर रहे हैं, हमारा समाज गरीब है, हम उनसे लड़ नहीं सकते, न्यायालय जाएंगे तो भी बड़ा खर्च लगेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने समाज के मांग को गंभीरता से लिया और कहा, अब पूरी लॉन्ड्री का काम शासकीय संस्थाओं में धोबी समाज को ही मिलेगा, इसके लिए आवश्यकता पड़ी तो हम कैबिनेट में प्रस्ताव पास करेंगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा करेंगे और समाजजनों को मिलवाएंगे भी। स्वास्थ्य मंत्री को प्रदेशाध्यक्ष श्री निर्मलकर ने कहा, पिछड़ा वर्ग का शीघ्र महाधिवेशन राजधानी में कराया जाएगा, जिसके लिए तैयारी भी जागरण अभियान के तहत प्रो. घनाराम साहू के निर्देशन में प्रारंभ की जा रही है। अभिनंदन करने वालों में वरुण निर्मलकर, हेमंत निर्मलकर, कृष्ण निर्मलकर, शिरीष, नंदकुमार आदि शामिल रहे।

## पेज 11 के शेष ...

### मेडिकल में प्रवेश का...

शुरुआत से ही दंतरोग की पढ़ाई का लक्ष्य बनाया था, ऐसे करीब दर्जनभर लोगों ने निजी के साथ शासकीय कालेज की कुछ सीटों पर एडमिशन लेने का काम पूरा किया। काउंसिलिंग कमेटी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अगले पांच दिन में एमबीबीएस की करीब तीस फीसदी सीटों पर एडमिशन पूरा हो जाएगा। वहीं बीडीएस की सीटों पर प्रवेश दूसरे राउंड के बाद ही जोर पकड़ेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन पंजीयन के आधार पर 1988 लोगों की आवंटन सूची जारी की थी। चयनित अभ्यर्थी दस्तावेजों की जांच के बाद प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं।

### उरकुरा रेलवे स्टेशन की...

पर रेलवे ने सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, वहां कोई तोड़फोड़ या चोरी नहीं हुई है, लेकिन कैमरे की निगरानी से बाहर के हिस्सों में सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया गया है। स्टेशन में शौचालय अंतिम छोर पर बनाया गया है। इसके आसपास कैमरा नहीं है। शाम 7 बजे के बाद स्टेशन परिसर में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ जाती है। ट्रेनों की आवाजाही कम होने से स्टेशन सूनसान हो जाता है। स्टेशन परिसर में शराब की बोतलें भी देखने को मिली।

***असामाजिक तत्वों के कारण वेटिंग हॉल बंद :*** उरकुरा स्टेशन पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, लेकिन असामाजिक गतिविधियों की वजह से कई सुविधाओं से यात्री वंचित हो रहे हैं। स्टेशन परिसर में बना वेटिंग हॉल फिलहाल बंद रखा गया है। सोमवार को भी इसके दोनों दरवाजे बंद मिले। वहीं प्लेटफार्म से तीन से चार पंखे गायब थे। इस पर स्टेशन पर मौजूद रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बरसात के दौरान पंखे खराब हो गए थे, जिन्हें मरम्मत के लिए निकाला गया है।

### नलों में नहीं आ...

खाने के लिए एक स्टॉल भी मंजूर है, लेकिन वह अक्सर बंद रहता है। ऐसे में यात्रियों को पानी या खाने-पीने की चीजों के लिए स्टेशन परिसर से बाहर जाना पड़ता है।

### बदमाशों के खिलाफ...

बदमाशों में से 50 के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस ने आठ बदमाशों के खिलाफ आबकारी एक्ट, 22 बदमाशों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की है। इसके साथ ही पुलिस ने भारी मात्रा में ऑनलाइन आर्डर कर मंगाए गए चाकू जब्त किए। साथ ही पुलिस ने कई लड़के जिनका अपराध का ट्रैक रिकार्ड नहीं रहा है, उनके द्वारा ऑनलाइन चाकू आर्डर कर मंगाए जाने पर समझाइश देकर उन्हें छोड़ा है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 18 दिन के भीतर एक दर्जन से ज्यादा चाकूबाजी की घटना को देखते हुए बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है।

# बैक्टीरिया की दवा में सरकार की तय कीमत से ज्यादा एमआरपी, एनपीपीए को भेजी गई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दवाओं की गुणवत्ता परखने की जा रही जांच के बीच खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने ओवररेटिंग का मामला पकड़ा है। फंगस और बैक्टीरिया की रोकथाम के लिए उपयोग की जाने वाली दवा की एमआरपी सरकार द्वारा तय कीमत से अधिक दर्ज की गई थी। 10 फर्मों की जांच में पंजाब और हरियाणा की कंपनी में बनी चार दवाओं की ज्यादा कीमत की बात सामने आई है। प्रकरण बनाकर इसे नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी नई दिल्ली को अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है।

■ हिमाचल और पंजाब की फैक्ट्री में बनती है दवा, कार्रवाई दिल्ली स्तर पर

जानकारी के अनुसार एनपीपीए जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों का निर्धारण करती है और इससे अधिक दाम में इसकी बिक्री नियम विरुद्ध होती है। ऐसे मामलों की निगरानी के लिए पीएमआरयू यूनिट द्वारा दवा दुकानों की नियमित जांच की जाती है। पीएमआरयू यूनिट द्वारा राज्य में 10 फर्मों में निरीक्षण कर इटरारेंज टेबलेट बैच नंबर सी4017ए एवं सी40155 निर्माता सैमसन लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड सोलन (हिमाचल प्रदेश), वेरजिम 50 टेबलेट बैच नंबर 1बी 1-413 टिकोमा फार्मासिया मोहाली (पंजाब) तथा इट्राहील 200 टेबलेट बैच नंबर एसपीसी-1261 शीन फार्मास्यूटिकल जालंधर (पंजाब) को तय दाम से अधिक मूल्य में विक्रय किया जाना पाया। इन दवाओं की एमआरपी तय कीमत से अधिक थी। भेजी गई रिपोर्ट के आधार एनपीपीए संबंधित दवा कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### कोरिया में नशीली दवा जब्त

जांच के दौरान कोरिया जिले में पुलिस और एफडीए के ज्वाइंट ऑपरेशन में एक आरोपी के कब्जे से 15 स्ट्रिप कुल 120 नग स्पासमो प्रोक्सीवोन पल्स कैप्सूल बरामद किया गया। इसके अलावा सप्ताहभर 163 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण 19 फर्मों में सीसीटीवी कैमरा 7 दिन के भीतर इंस्टॉल करने निर्देशित किया गया। दवाओं के लिए गए 35 सैंपलों में से 19 की जांच पूरी हुई, जिसे ओके पाया गया।

## खबर संक्षेप



### विधायक सोनी ने सरजूबांधा मुक्तिधाम में विकास कार्य का किया भूमिपूजन

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने दक्षिण विधानसभा क्षेत्र जोन 6 स्थित शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। सरजूबांधा मुक्तिधाम में विकास कार्य के लिए विधायक निधि से 5 लाख स्वीकृत लागत से विकास कार्य करवाने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर,जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता,पार्षद स्वप्निल मिश्रा, रमेश सपहा, प्रमोद साहू, जयश्री नायक उपस्थित रहे। श्री सोनी ने सरयूपारिण ब्राम्हण सभा भवन के लिए रायपुर दक्षिण विधायक निधि मद से राशि स्वीकृत कर शेड निर्माण कार्य शीघ्र करवाने की घोषणा की।

### श्रीरामचरित मानस अखंड पाठ का समापन कल

रायपुर। संजय नगर स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में आयोजित श्री रामचरितमानस अखंड पाठ का समापन 20 अगस्त को किया जाएगा। समापन अवसर पर मंदिर में बुधवार को सुबह 10 बजे से उत्तरकांड के दोहे, सोरठा, चौपाई एवं छंदों के माध्यम से हवन शुरू होगा, जो दोपहर 2 बजे तक चलेगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि हवन के बाद भगवान श्रीकृष्ण की छट्ठी मनाई जाएगी और 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया जाएगा।

### दोपहर होते ही फिर मामूली रूप से बरसे बादल

रायपुर। छाए बादल दोपहर होने के बाद फिर मामूली रूप से शहर में बरस पड़े। व्यापक वर्षा के इंतजार के बीच बीते 18 दिनों में जिले में केवल 76 मिमी. वर्षा रिकार्ड की गई है। अभी बादलों की ज्यादा सक्रियता बस्तर इलाके में ही दिखाई पड़ी है। प्रदेश के लिए अगस्त का महीना अल्प वर्षा का रहा है। यहां व्यापक रूप से मानसून ने सक्रियता नहीं दिखाई है, इसलिए एक दो क्षेत्रों में ही बारिश की गतिविधि बनी रही है। मानसून का ज्यादा प्रभाव सरगुजा और बिलासपुर संभाग में देखा गया है। पिछले तीन दिनों से बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम से असर से कुछ स्थानों में भारी बारिश हो रही।

### संविलियन-स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना सहित 10 सूत्रीय मांग

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, तूता में दिया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सोमवार को लामबंद कर्मचारियों ने 10 सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। इसके कारण अस्पतालों में नर्सिंग और पैथालाजी सेवाओं पर असर पड़ा है। धरना प्रदर्शन के लिए संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ केडर, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता सहित अन्य मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने जुटे।

- प्रदेशभर में 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कर रहे आंदोलन

एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपने दस सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, महासचिव कौशलेश तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि लंबित मांगों को लेकर शासन द्वारा 13 अगस्त को राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। इस बैठक के मिनिट्स आज तक जारी नहीं किए गए हैं। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने कर्मचारी संगठन और कर्मचारियों को इसकी सूचना नहीं दी, बल्कि कर्मचारियों को भ्रमित करने कुछ मांगों के पूर्ति की बात कही गई है। श्री मिरी ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य समिति की बैठक में जो भी चर्चा हुई वह पहले से ही 2018 के मानव संसाधन नीति में निहित है। जबकि हमारी मुख्य मांगें नियमितीकरण और ग्रेड पे पर आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि इसकी फाइल 2023 तक पूरी हो गई है। आंदोलन कर रहे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कहा है कि मोदी की गारंटी नाम से घोषणापत्र में संविदा अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों की समस्या का निराकरण करने बात कहीगई पर सरकार गठन के बाद इस पर अमल नहीं किया गया है। इसके विरोध में प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। धरना प्रदर्शन में प्रदेशभर से आए संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी शामिल रहे।



#### धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटरों ने 2 सूत्रीय मांग को लेकर दिया धरना

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर 2 सूत्रीय मांग को लेकर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटरों ने तूता धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना दिया। उनकी प्रमुख मांग मार्कफेड द्वारा जारी आउटसोर्सिंग निविदा को निरस्त करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर का विभाग तय कर नियमितीकरण करने की मांग शामिल है। सोमवार को प्रदेश भर के धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने अपने लंबित मांगों के संबंध में जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे का कहना है प्रदेश भर के सहकारी समिति धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत 2739 डाटा एंट्री आपरेटरों को नियमित किया जाए। एक अरसे प्रदेश के दूरस्थ इलाकों में धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें नियमित करने की जगह आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से डाटा एंट्री आपरेटरों का नियोजन किया जा रहा है, जो कि पूर्णतः गलत है। 18 साल से कार्य करने डाटा एंट्री आपरेटर के साथ यह नाइंसाफी है, शासन पर इस पर तत्काल संज्ञान ले।

#### मितानिनों ने किया प्रदर्शन, रैली आज

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर प्रदेश भर की मितानिन, ,मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटरों ने नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। इनकी प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविलयन, मानदेय क्षतिपूर्ति में 50 फीसदी वृद्धि और ठेका प्रथा बंद करने की मांग शामिल है। 19 अगस्त को प्रदेशभर की मितानिन तूता के धरना स्थल पर प्रदेश स्तरीय धरना देंगी। शासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदेश के सभी 33 जिलों से बड़ी संख्या में मितानिन धरना स्थल पहुंचेंगी। और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को रैली के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## शहरवासियों की प्यास बुझाने किराए के टैंकर पर दोगुने खर्च के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

किराये के पानी टैंकर से लोगों का गला तर करने का फार्मूला निगम प्रशासन पर भारी पड़ने वाला है। टैंकर किराये के एवज में 1 करोड़ की राशि का प्रावधान जल विभाग द्वारा किया गया, पर गर्मी के सीजन में पेयजल संकट के कारण शहर के अंदरूनी इलाके सहित आउटर के वार्डो में पानी की किल्लत ने किराये के पानी टैंकर की डिमांड बढ़ा दी।

- निगम मुख्यालय ने जोन दफ्तरों से मंगाया किराए के टैंकर का ब्योरा

सूत्रों के मुताबिक अगस्त तक शहर के जल संकट प्रभावित इलाकों में किराये के पानी टैंकर से जल आपूर्ति की व्यवस्था दी गई। लभांडी, कचना, दलदल सिवनी, सोनडोंगरी के अलावा नगर निगम जोन 1 के भनपुरी क्षेत्र की 4 बस्तियां ऐसी रही जहां नगर निगम की दो पानी टंकी होने के बाद भी लोगों के घरों तक प्रेशर के साथ पानी पहुंचाने में निगम प्रशासन फैलवर साबित हुआ। इन इलाकों में किराये के टैंकर से जल आपूर्ति करानी पड़ी।

#### किराये के टैंकर का मांगा है ब्योरा

निगम मुख्यालय के जल विभाग ने नगर निगम के दस जोन कमिश्नरी को पत्र लिखकर जल संकट प्रभावित इलाकों में किराये के पानी टैंकर का ब्योरा मंगाया है। रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि कौन से इलाके में कितने किराये के पानी टैंकर लगाए गए, सबसे ज्यादा और सबसे कम किराये के पानी टैंकर की डिमांड किन बस्तियों में रही।

#### टैंकर मुक्त नहीं हो पाया शहर, 24 घंटे जल आपूर्ति का प्लान हवा-हवाई

नगर निगम द्वारा अमृत मिशन योजना के तहत शहर के अलग-अलग इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए नई पाइप लाइन बिछाई गई। इंटर कनेक्शन किया गया, पर अपेक्षा अनुरूप संबंधित इलाकों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं बनने से प्रभावित इलाके में किराये के पानी टैंकर चलाने की नौबत आई। करोड़ों रुपये खर्च जोन 9 क्षेत्र के लभांडी, फुंडहर में नई टंकी का निर्माण कराया गया। पर ढाई साल बीतने के बाद भी टंकी शुरू नही हो पाई। इसी तरह रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में 137 करोड खर्च कर शहर के 15 वार्डो में 24 घंटे शुद्ध पानी मुहैया कराने योजना पर काम शुरू कराया गया । यह योजना अब तक धरातल पर साकार रूप नहीं ले पाई है।

### सोने-चांदी पर जीएसटी न बढ़ाने पीएम को पत्र

रायपुर। केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में परिवर्तन की घोषणा की गई है, उसके अनुसार सोने व चांदी पर जीएसटी की वर्तमान दर जो कि 3 प्रतिशत है, वह 5 प्रतिशत प्रस्तावित है। इसे अनीतिगत मानते हुए रायपुर सराफा बाजार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने प्रधानमंत्री मोदी व वित्त मंत्री सीतारमण को अनुरोध पत्र प्रेषित करते हुए लिखा है कि इसे घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया जाए। श्री मालू ने पत्र में लिखा है कि सोना एवं चांदी एक मूल्यवान धातु है, जो आम नागरिक के आपातकालीन आवश्यकता को तत्काल पूरी करता है। वैसे भी वर्तमान में सोना-चांदी के भाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में उच्चतम स्तर पर है, जो कि आम नागरिक के लिए निवेश बचत के लिए अत्यंत चिंतनीय है और जीएसटी दर बढ़ने से भारत में सोना चांदी और महंगा हो जाएगा।

## वरिष्ठ नागरिकों की रायपुर दर्शन यात्रा, महापौर मीनल ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के वरिष्ठ नागरिकों को शहर के ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों का भ्रमण कराने रायपुर दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने हरी झंडी दिखाकर टाउनहाल से नागरिकों को रवाना किया। वरिष्ठ नागरिकों को विशेष बस में ले जाकर राजधानी के जीई रोड स्थित नालंदा लाईब्रेरी, पुरानी बस्ती के ऐतिहासिक एवं प्राचीन महामाया देवी मंदिर, ब्राम्हणपारा स्थित आनंद समाज वाचनालय का भ्रमण कराया गया।

- नालंदा लाईब्रेरी, महामाया मंदिर, आनंद समाज वाचनालय परिसर का भ्रमण

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। रायपुर जिला प्रशासन एवं नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के संयुक्त आयोजन की कड़ी में रायपुर दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर 80 वरिष्ठ जनों को यात्रा से पूर्व महापौर मीनल चौबे ने सम्मानित कर टाउनहॉल से यात्रा को हरी झंडी दिखाई। स्वच्छता एंबेसेडर शुभांगी ताई आप्टे, नगर निगम उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, उप अभियंता कृति शर्मा, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी अभिषेक तिवारी, अभिलाष वर्मा, संस्कृति विभाग की कार्यक्रम समन्वयक निष्ठा जोशी की उपस्थिति में रवाना किया गया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरा होने पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रजत महोत्सव के अंतर्गत शहर के वरिष्ठ नागरिकों को रायपुर



दर्शन यात्रा करवाकर शहर के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी जा रही है। मीनल चौबे ने वरिष्ठ नागरिकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रायपुर दर्शन यात्रा में शहर के विभिन्न मोहल्लों के रहवासी, माना कैंप और श्यामनगर वृद्धाश्रम में रहने वाले वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।

## बिजनेस साइट

### आंजनेय विश्वविद्यालय में 'सृजन 4.0' कल से 40 स्कूलों के छात्र दिखाएंगे प्रतिभा




रायपुर। आंजनेय विश्वविद्यालय द्वारा 20 से 22 अगस्त तक तीन दिवसीय 'सृजन इंटर-स्कूल प्रतियोगिता' 4.0 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में रायपुर सहित आसपास के 40 से अधिक स्कूलों के 1200 से ज्यादा विद्यार्थी भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के संयोजक डॉ. जयेंद्र नारंग ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेल प्रतिभाओं को मंच देना है। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में वाद-विवाद, भाषण, पेंटिंग, नृत्य, गायन, फायरलेस कुकिंग, फैशन शो सहित कबड्डी, क्रिकेट, टेबल टेनिस जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार व प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। आंजनेय विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार और नेतृत्व क्षमता के विकास पर बल देता है। 'सृजन 4.0' इसी उद्देश्य की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो विद्यार्थियों में नवाचार, अनुशासन और टीम भावना को प्रोत्साहित करेगा।

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में स्वतंत्रता दिवस पर विशेष आयोजन



रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 79वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभारी कुलपति प्रो. आरआर. बिराली ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में प्रो. बिराली ने कहा, स्वतंत्रता केवल कैलेंडर की तारीख नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। वहीं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने देशभक्त वीरों को स्मरण कर विद्यार्थियों को नई ऊर्जा प्रदान की। इस अवसर पर इंडो-नेपाल गेम्स 2025 में रजत पदक विजेता अभिषेक नायडू को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, योग प्रदर्शन और अंतर्राष्ट्रीय छात्र एम्मेर्ट का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सागर कुमार साहू ने किया।

### श्री स्वास्तिक ग्रुप ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



रायपुर। श्री स्वास्तिक ग्रुप परिवार ने स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया। इस अवसर पर ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारियों डायरेक्टर सेल्स अनिल मेवाड़े, मनोज साहू, राजेश गौतम, दिनेश वर्मा तथा जयंत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के समापन पर ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील साहू ने पूरे समूह को संबोधित किया। उन्होंने वर्ष 2025 के लिए ग्रुप के आगामी लक्ष्यों और योजनाओं को साझा किया तथा सभी सदस्यों से टीम भावना के साथ मिलकर उन्हें पूरा करने का आग्रह किया। श्री साहू ने कहा कि समर्पण, मेहनत और एकजुटता से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### सुयश हॉस्पिटल ने स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

रायपुर। आजादी की 79वीं सालगिरह पर राष्ट्रीय पर्व सुयश हॉस्पिटल में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के डायरेक्टर्स डॉ. नितिन गोयल, डॉ. मनोज लाहोटी एवं डॉ. विवेक केशरवानी, चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी, समस्त स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसे तीनों डायरेक्टर्स ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। राष्ट्रगान के बाद उपस्थित जनसमूह ने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पुलिस परेड ग्राउंड में मदर्स प्राइड स्कूल की शानदार प्रस्तुति, मिला प्रथम स्थान

रायपुर। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में मदर्स प्राइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रायपुर ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। विद्यालय के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर शानदार प्रस्तुति दी, जिसने देशभक्ति की भावना को जीवंत कर दिया। इस प्रस्तुति को प्रथम पुरस्कार मिला, जिसे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापक उमा तिवारी, निर्देशक आदित्य तिवारी, प्राचार्य अजय साहू सहित समस्त स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे।

### कल्याण पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



रायपुर। खमरडीह स्थित कल्याण पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर राजेश सक्सेना बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या शीला गुजर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। बच्चों ने देशप्रेम से भरे गीत, कविताएं, नाटक, भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।









02

बद्रीनाथ धाम थीम पर सजाएंगे पंडाल.....

# शिव तांडव की अनोखी प्रस्तुति, बांसुरी के सुरों ने बांधा समां, जुगलबंदी ने किया मंत्रमुग्ध

## रजत महोत्सव में संगीत और नृत्य की प्रस्तुति



**छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर कला केंद्र द्वारा सांस्कृतिक संगीत संध्या कार्यक्रम शास्त्री चौक स्थित टाउन हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कई प्रतिभागियों ने भाग लिया और शानदार प्रस्तुति से शाम का समां विभिन्न सुरों से बांध दिया।**





**रायपुर।** संगीत संध्या कार्यक्रम में दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और हर गीत को बैठे-बैठे गुनगुना रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत विकास की टीम ने की, जिन्होंने तबले, वायलिन और पियानो के साथ एक प्यार का नगमा है, मौजों की रवानी है..गीत से सबको अपने बीते पलों की याद में ले गए। प्रस्तुति के दौरान ही बैठे श्रोता गीतों को गुनगुनाने के साथ तालियों से उनका हौसला बढ़ा रहे थे। जब स्टेज पर धनंजय साहू ने बांसुरी से केसरिया तेरा इश्क है पिया, रंग जाऊं जो मैं हाथ लगाऊं...,बदरंग में सतरंगा है ये इश्क़ रे जोगी मैं और गंगा है ये इश्क रे... और कृष्णा मनमोहना मोरे कान्हा मोरे कृष्णा..की धुन बजाई तो पूरा हॉल सुरमयी हो उठा।

### दर्शकों ने गीत के बोलों को दोहराया



कार्यक्रम जैसे-जैसे आगे बढ़ा, श्रोता सुर से सुर मिलाने लगे। आगे की प्रस्तुति में अपनी दास्तां सुनाने के लिए भगवती शर्मा आईं और आते के साथ अजीब दास्तां है ये, कहां शुरू, कहां ख़तम...गीत से सबका मन मोह लिया। प्रस्तुति के अंत में होस्ट ने दर्शकों की उत्सुकता को देखकर कहा भगवती गीत का एक बोल गाएंगी और आपको दोहराना है, फिर सभी ने अजीब दास्तां है ये...गीत के बोल दोहराए।

### शिव-पार्वती को गाने से किया स्मरण

राहुल ठाकुर दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि मां पार्वती अपने आरध्य को नाम से नहीं पुकारतीं तो उस समय वे कैसे शिवजी को याद करती हैं, इस गीत से समझते हैं। फिर उन्होंने आज मेरे पिया घर आवेंगे...से दोनों का स्मरण किया। तालियों की गूंज थम नहीं रही थी कि इतने में अगला संगीत हीरे मोती मैं ना चाहूं, मैं तो चाहूँ संगम तेरा ..गीत से दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके साथ सांसों की माला पे सिमरूं मैं शिव का नाम...जैसे और भी कई गीतों की प्रस्तुति दी।

### भरतनाट्यम की अद्भुत प्रस्तुति

कार्यक्रम में संगीत प्रस्तुति के बाद बच्चों ने शानदार भरतनाट्यम पेश किया। अनोखी चंदेल ने जब संध्याकाल में शिव तांडव की प्रस्तुति दी तो मानो वक्त रुक-सा गया, जैसे भगवान शिव तांडव करते एवं मां पार्वती वीणा बजातीं, धरती थम जाती, उनका तांडव देखने के लिए, वैसे ही अनोखी चंदेल ने भरतनाट्यम की भव्य प्रस्तुति दी। इस नृत्य में उसने प्रदोष समय पर आदि पर शिव तांडव के बारे में बताया और प्रस्तुति दी।

## एजूकेशन लाइव

# हाईकोर्ट में अटेंडेंट पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी, आवेदन 26 अगस्त से




**रायपुर।** दिल्ली हाईकोर्ट में अटेंडेंट के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (DSSSB) की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 26 अगस्त से शुरू होकर 24 सितंबर 2025 तक पूर्ण की जाएगी। जो भी उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे आवेदन शुरू होते ही ऑनलाइन माध्यम से डीएसएसएसबी के OARS पोर्टल dsssbonline.nic.in पर जाकर आवेदन पत्र भर सकेंगे। इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार का किसी मान्यता बोर्ड/ संस्थान से मैट्रिक/ 10th उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 27 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी। ध्यान रखें कि उम्र की गणना 1 जनवरी 2025 को ध्यान में रखकर की जाएगी।इस भर्ती में आवेदन के साथ उम्मीदवारों को 100 रुपये का शुल्क भुगतान करना होगा। सभी वर्ग की महिला उम्मीदवार एवं एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूबीडी/ एक्स सर्विसमैन इस भर्ती में शामिल होने के लिए निशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

### इस तरीके से कर सकेंगे अप्लाई

इसके लिए आवेदन पत्र **DSSSB** की ऑफिशियल वेबसाइट **dsssbonline.nic.in** पर जाकर भरा जा सकेगा। आवेदन के लिए आपको पहले रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण करना होगा। रजिस्ट्रेशन होने के बाद अभ्यर्थी अन्य जानकारी, फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर अपलोड करना होगा। अंत में निर्धारित आवेदन शुल्क भरकर फॉर्म सबमिट करके उसका प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रखना होगा।

**भर्ती विवरण**

पदानुसार पदों का विवरण निम्नलिखित है-
कोर्ट अटेंडेंट: 295 पदकोर्ट अटेंडेंट (**S**): 22 पदकोर्ट अटेंडेंट (**L**): 1 पदरूम अटेंडेंट (**H**): 13 पदसेक्योरिटी अटेंडेंट: 03 पद

## सिटी इवेंट

# बॉर्डर पर तैनात रहे 12 पूर्व सैनिकों का सिंधी काउंसिल ने किया सम्मान



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने मैग्नेटो मॉल में सेल्यूट टू सोल्जर का आयोजन किया। इस आयोजन में 12 सेवानिवृत्त सैनिक, जिन्होंने देश के बॉर्डर पर सेवा दी है, उन्हें सम्मानित किया गया। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सभी नागरिकों का मनोबल बढ़ा है और देशभक्ति की भावना पूरे देश में जागृत हुई है। बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा, सेना का जवान बॉर्डर पर दिन रात लड़ता है, तभी हिंदुस्तान चैन की नींद सो पाता है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, सिंधी काउंसिल ने 12 सैनिकों का सम्मान किया, जो देश की सीमा में रहे हैं। उन जवानों को सम्मानित करते आज बहुत गर्व महसूस हो रहा है। वहीं हवलदार खेमचंद निषाद ने अपनी बात रखी। साथ ही सेवानिवृत्त सैनिकों ने अपने विचार साझा किए। विधायक श्री सोनी ने पीएस स्कूल के 150 बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सिविल लाइंस पंचायत के अध्यक्ष कन्हैयालाल छुगानी ने बच्चों को सर्टिफिकेट देकर खुशी जाहिर की। सिंधी पंचायत राम के अध्यक्ष गिरीश लहेजा ने सभी सैनिकों का आभार जताया।

### आयोजन में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी, जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, पार्षद अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली, सिविल लाइंस पंचायत के अध्यक्ष कन्हैयालाल छुगानी, सिंधी पंचायत राम के अध्यक्ष गिरीश लहेजा, सुधीर रमानी, मुरलीधर शादीजा, सुनील कुकरेजा, नितिन कृष्णानी, डॉ. एनडी गजवानी, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, चंदर देवानी, महेश खिलनानी, संजय जयसिंह, निलेश तारवानी, सुमीत अठवानी, सूर्यांश जेठानी, सुशील दरिरा, पवन लोहाना, मनीष तलरेजा उपस्थित रहे।

# कॉलेज स्टूडेंट्स ने स्टार्टअप पिच स्पर्धा में बताए आइडियाज



*रायपुर। दिशा कॉलेज में राईज एवं यंग इंडियंस द्वारा स्टार्टअप पिच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी एवं यंग इंडियंस के प्रमुख सदस्य कविता पंसारी, उदयराज सिंह, सुरभि की उपस्थिति रही।(प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने अपने उद्बोधन ने कहा कि परिवार और समुदाय के साथ जुड़कर सही योजना के साथ व्यावसायिक तकनीकी और जीवन कौशल विकसित करें। साथ ही आत्मनिर्भर बनने पर भी जोर दिया। दिशा कॉलेज के विभिन्न संकायों से 15 टीमों ने स्टार्टअप आइडियाज की प्रस्तुति देकर इस प्रतिस्पर्धा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए. पूजा नारायण एवं सिद्धांत बलिया ने किया।*

# कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था पारिस्थितिकी तंत्र को करती है बाधित, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए डिजाइन मानक जरूरी



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी के आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग विभाग ने कृत्रिम प्रकाश और पर्यावरण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था के पर्यावरणीय प्रभाव और इसके सतत वास्तुकला एवं शहरी नियोजन में महत्व पर चर्चा हुई। इस अवसर पर विशेषज्ञों, संकाय सदस्यों और छात्रों ने भाग लिया, जिससे विभाग के अकादमिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव को जोड़ने की प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई।

मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय सोसायटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स के क्षेत्रीय निदेशक (पूर्व) अमरेंद्र गोस्वामी उपस्थित रहे। ऊर्जा विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ अभियंता श्री गोस्वामी ने प्रकाश प्रदूषण की गंभीर समस्या पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अत्यधिक या खराब रूप से डिजाइन की गई कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था पारिस्थितिकी तंत्र को बाधित करती है। उन्होंने मानव आवश्यकताओं और पर्यावरणीय सुरक्षा के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट मानक और विनियमों की आवश्यकता पर जोर दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. देबाशीष सान्याल ने की, जबकि इसका समन्वयन सहायक प्राध्यापक कविता बिस्वास शर्मा ने किया। सभी सेमेस्टर के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और सततता को नवोन्मेषी डिजाइन प्रथाओं में समाहित करने पर विचार साझा किए।

### छात्रों ने जाने कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था के प्रभाव और डिजाइन

संकाय सदस्यों ने कहा कि इस संगोष्ठी ने न केवल कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था के पर्यावरणीय प्रभाव को लेकर जागरूकता बढ़ाई, बल्कि छात्रों को अधिक पर्यावरण-संवेदनशील दृष्टिकोण से डिजाइन करने के लिए प्रेरित भी किया। अकादमिक ज्ञान और विशेषज्ञ अनुभव को जोड़ते हुए यह सत्र जिम्मेदार वास्तुकला अभ्यास के महत्व को रेखांकित करता है और भावी पेशेवरों को सतत निर्मित पर्यावरण में सार्थक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# विद्यार्थियों ने रैगिंग न करने और न सहने की ली शपथ



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में एंटी रैगिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने रैगिंग न करने और न सहने की शपथ ली। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि रैगिंग के नाम पर छात्रों को शारीरिक या मानसिक प्रताड़ना देना अपराध है। कॉलेज में अब तक ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है, यह गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि छात्रों की सुरक्षा के लिए शिकायत पेटी रखी गई है, जिसमें कोई भी विद्यार्थी अपनी समस्या दर्ज करा सकता है। इसके समाधान के लिए कॉलेज में समिति भी गठित है। प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत ने छात्रों को एंटी रैगिंग विषय को गंभीरता से लेने की बात कही और कहा कि यदि किसी के साथ ऐसी घटना होती है तो सीधे एंटी रैगिंग सेल को सूचित करें। कार्यक्रम का संचालन एंटी रैगिंग सेल प्रभारी प्रो. विकास शर्मा ने किया। उन्होंने स्लाइड प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों को रैगिंग से संबंधित जानकारी दी।

**संस्कृति विभाग, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय द्वारा छग रजत महोत्सव पर दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ**

# 1857 के पहले आदिवासी विद्रोह भूमकाल से जननायक गुंडाधूर ने ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ बजाया था बिगुल

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** संस्कृति विभाग, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत सोमवार को दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन प्रारंभ किया गया। महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के सभागार में स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ का योगदान विषय पर आयोजित संगोष्ठी के प्रथम सत्र संपन्न हुआ। इसमें प्रसिद्ध इतिहासकारों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार के सदस्यों से लेकर शोधार्थी छात्र-छात्राएं व इतिहास प्रेमियों ने भाग लिया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में शहीद बापूराव महाविद्यालय सुकमा के सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश सोनी ने 1857 के पहले बस्तर में हुए आदिवासी विद्रोह की पृष्ठभूमि और घटनाओं का ऐतिहासिक वर्णन किया। उन्होंने उल्लेख करते हुए कहा कि 1910 में हुए आदिवासी विद्रोह भूमकाल के नायक गुंडाधूर रहे। गुंडाधूर आज भी बस्तर के जंगलों में लोकगीतों और कहानियों में अमर नायक के रूप में जीवित हैं। बच्चों को उनकी कहानियां सुनाई जाती हैं और हर युवा उन्हें अपना आदर्श मानता है। 1905 में ब्रिटिश सरकार ने बस्तर के दो-तिहाई जंगलों को आरक्षित घोषित करने, झूम खेती (स्थानांतरण खेती) पर प्रतिबंध लगाने और शिकार पर रोक लगाने का निर्णय से आदिवासियों में असंतोष की भावना भड़की और गुंडाधूर ने भूमकाल की चेतावनी दी। गुंडाधूर इस विद्रोह के अग्रणी नेता बने। उन्होंने आदिवासियों के अस्मिता व अधिकार के लिए 1910 में ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ बिगुल बजाया। सत्र की अध्यक्षता प्रो. एलएस निगम, पूर्व कुलपति, श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई ने की। उन्होंने सभी वक्ताओं के वक्तव्य की समीक्षा करते हुए अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कंकालीपारा निवासी प्रदेश के सशस्त्र क्रांति के नायक परसराम सोनी और पं. रविशंकर शुक्ल को बस्तर व खैरागढ़ में स्वतंत्रता संग्राम के हेडमास्टर बताया।





### साहित्यकारों की रचना ने जनचेतना को किया जागृत

संगोष्ठी में वरिष्ठ भाषाविद प्रो. चितरंजन कर ने स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ी साहित्य के योगदान पर बात करते हुए पं. लोचन प्रसाद पांडेय, पं. सुंदरलाल शर्मा, बंशीधर पाण्डेय, गिरधर दास वैष्णव, कुंजबिहारी चौबे जैसे साहित्यकारों की रचनाओं का जनचेतना के विकास में योगदान रेखांकित किया। उन्होंने लिखित के साथ वाचिक और मौखिक साहित्य के महत्व पर भी चर्चा की। शासकीय महाविद्यालय मैनपुर के प्राचार्य एवं इतिहासकार डॉ. बृजकिशोर प्रसाद सिंह ने स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ की देशी रियासतों की भूमिका और योगदान पर प्रकाश डालते हुए सरगुजा, बस्तर, सारंगढ़ रियासतों सहित तत्कालीन जमींदारों के प्रतिनिधियों के उल्लेखनीय कार्यों की चर्चा की।

### स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान

संचालक विवेक आचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी डॉ. पीसी पारख, उपसंचालक ने अतिथि विद्वानों का स्वागत किया और प्रभात कुमार सिंह पुरातत्ववेत्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर रायपुर के स्वतंत्रता सेनानी और 1942 में रायपुर सशस्त्र क्रांति के नेतृत्वकर्ता स्व. परसराम सोनी के पुत्र अजय सोनी, सेनानी स्व. पं. हनुमान प्रसाद पांडेय के पुत्र अरुण दुबे और स्व. रामभद्र दुबे के पुत्र महेश दुबे का विभाग द्वारा अभिनंदन किया गया। मंगलवार को संगोष्ठी का दूसरा सत्र दोपहर 2.30 बजे से प्रारंभ होगा।

## इवेंट लाइव

# एकलव्य विद्यालयों के 2 हजार खिलाड़ी 20 खेलों में दिखाएंगे दम




**रायपुर।** एकलव्य विद्यालयों के राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेशभर के करीब दो हजार खिलाड़ी 20 खेलों में अपना दम दिखाएंगे। बिलासपुर में 19 अगस्त और 20 अगस्त को इसका आयोजन किया गया है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की पहल पर इसका आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन और समापन समारोह बिलासपुर के बहतराई स्थित राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता का 19 अगस्त को सवेरे 11 बजे शुभारंभ और 20 अगस्त को दोपहर 3 बजे समापन होगा। प्रदेशभर के एकलव्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं 20 खेलों में हिस्सेदारी करेंगे। इनमें 13 व्यक्तिगत खेल और सात सामूहिक खेल शामिल हैं।

### खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था

व्यक्तिगत खेलों के अंतर्गत तीरंदाजी, एथलेटिक्स, जूडो, ताइक्वांडो, वेट लिफ्टिंग, कुश्ती (फ्री स्टाइल), योग, शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस, तैराकी और बॉक्सिंग की स्पर्धाएं होंगी। वहीं सामूहिक खेलों में हॉकी, कबड्डी, बॉस्केटबाल, फुटबाल, हैण्डबाल, खो-खो और बॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं होंगी। बहतराई स्टेडियम के साथ ही पिंक स्टेडियम गांधी चौक, बिलासा कॉलेज, संजय तरण पुष्कर, रेलवे बॉक्सिंग रिंग, पुलिस मैदान, साइंस कॉलेज आदि स्थलों पर ये प्रतियोगिताएं होंगी। बिलासपुर के अलग-अलग छात्रावासों में महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

## धर्म लाइव

# शिवभक्त पर चक्र सुदर्शन का वार भी होता है निष्फल



रायपुर। भगवान शिव के भक्तों पर चक्र सुदर्शन भी निष्फल हो जाता है। शिवजी की आज्ञा से श्रीकृष्ण ने बाणासुर की 996 भुजाओं को चक्र सुदर्शन से काट दिया। जब चक्र सुदर्शन से बाणासुर का सिर काटने लगे तो भगवान शिव ने कहा, हे देवकीपुत्र, चक्र सुदर्शन से बाणासुर का सिर मत काटिए। मेरी आज्ञा से अपने चक्र सुदर्शन को लौटा लीजिए, क्योंकि मेरे भक्त के ऊपर सदा यह चक्र निष्फल रहेगा। संग्राम में मैंने आपको यह अनिवार्य सुदर्शन चक्र दिया था, इसलिए इस विजय चक्र को युद्ध भूमि से लौटा लीजिए। पहले भी आपने यह सुदर्शन चक्र दधीचि, रावण तथा तारक पर मेरी आज्ञा की बिना नहीं चलाया। मेरी आज्ञा का पालन करते हुए चक्र को लौटा लीजिए। बाणासुर मेरा भक्त है, इस पर आपका चक्र निष्फल हो जाएगा। मैंने इसे वरदान दे दिया है कि तुम्हें मृत्यु का भय नहीं रहेगा।

### कुल के किसी दैत्य का मैं वध नहीं करूंगा

भगवान शिव ने कहा, मेरा वचन सदा सत्य होगा। तब श्रीकृष्ण ने शिवजी की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि मैंने बली को यह वरदान दिया है कि तुम्हारे कुल के किसी भी दैत्य का मैं वध नहीं करूंगा। वास्तव में श्रीकृष्णा और शंकरजी में कोई भेद नहीं है। दोनों ही हरिहर के रूप हैं। जो इनमें भेद करता है, वह अल्पबुद्धि वाला मूर्ख अनंत वर्षों तक घोर नरक की यातनाओं को प्राप्त करता है। कथा के पूर्व शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने शिवजी का पूजन और आरती की। इसमें जगद्गुरुकुल के सभी छात्रों और अध्यापकों ने भाग लिया।

## सिटी लाइव

# स्वच्छता अभियान में अधिकारियों के साथ स्कूली बच्चों की बढ़ी भागीदारी




रायपुर। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस 2025 के उपलक्ष्य में शुरू किए गए स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में मंडल के प्रमुख स्टेशनों और कालोनियों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, भाटापारा, तिल्दा नेवरा और दल्लीराजहरा सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता रैली निकाली गई। इसमें रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। रैली के माध्यम से यात्रियों और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। साथ ही विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता संबंधी पंपलेट का वितरण भी किया गया, जिसमें रेलवे परिसर को स्वच्छ रखने में यात्रियों की जिम्मेदारी और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया गया।

### हर नागरिक की आदत और जिम्मेदारी बननी चाहिए

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि "स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हर नागरिक की आदत और जिम्मेदारी बननी चाहिए। रेलवे परिसर को स्वच्छ रखना सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें आमजन की भागीदारी ही अभियान की वास्तविक सफलता है।"यह अभियान केवल रेलवे परिसरों की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास है। आगामी दिनों में मंडल स्तर पर कई विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

---

● राजधानी में इस बार गणेशोत्सव समितियों ने की एआई और थ्रीडी डिजाइन में निर्मित मूर्तियों को स्थापित करने की तैयारी

# बद्रीनाथ धाम थीम पर सजाएंगे पंडाल, नृत्य की मुद्रा में विराजेंगे गणेश, मोर और ग्रीनरी बेस्ड होगी स्थल सज्जा

'इस बार गणेश उत्सव का हिस्सा बनने परिवार के साथ निकलने वाले लोगों को भक्तिमय माहौल देने की तैयारी गणेशोत्सव समितियों ने शुरू की है। कोई अपने पंडाल को आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए दर्शनीय स्थल बद्रीनाथ धाम थीम पर पंडाल को सजाने का मन बनाया है तो किसी समिति ने आराध्य देव को नृत्य की मुद्रा के साथ ही उन्हें मोर के बीच स्थापित करने की तैयारी शुरू की है। इतना ही नहीं, दर्शन के लिए पंडालों में पहुंचने वाले लोगों को ग्रीनरी के बीच आस्था की झलक देखने को मिलने वाली है। जगमगाती रंगीन लाइटों से स्थल सज्जा को खास बनाने की तैयारी आयोजकों ने की है।'





**रायपुर।** आराध्य देव की स्थापना से पहले तैयारियों का सिलसिला अब शुरू हो गया है। अधिकांश छोटी-बड़ी समितियों ने उत्सव को खास बनाने के लिए गणेश की मूर्ति किस तरह की होगी, सिर्फ यही नहीं, बल्कि यह भी तय किया है कि स्थल सज्जा से पंडाल को इस बार किस तरह से आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए समितियों ने न केवल लाइटिंग और डेकोरेशन करने वालों को थीम के साथ मूर्ति के पीछे बैकग्राउंड कैसा होगा, यह भी तय किया है। हर काम पर इन दिनों समिति के लोगों की पैनी नजर है। ग्रुप के लोग रोज सुबह-शाम समय निकालकर गणेश स्थापना स्थल पर आने लगे हैं। इस बार पंडाल और स्थल सज्जा को बेहतर बनाने को लेकर समिति के लोग पुराने अनुभव के आधार पर पंडाल के साज-श्रृंगार को आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिए इस बार भी नए प्रयोग के लिए तैयार हैं।

### विष्णुजी के दस अवतारों की सजेगी झांकी

मठपारा दुर्गा चौक के पास इस साल मॉडल्स क्लब गणेशोत्सव समिति ने बद्रीनाथ धाम जैसा स्वरूप पंडाल और स्वागत द्वार बनाने की तैयारी शुरू की है। समिति के राकेश साहू ने बताया कि आने वाले भक्तों को इस बार पंडाल में अद्भुत माहौल मिलेगा। भगवान गणेश इस बार महल में महाराज स्वरूप में विराजेंगे। साथ ही भगवान विष्णु के दस अवतार सहित हरिहर की आकर्षक झांकी भी सजाई जाएगी। इसके साथ ही दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को भक्तिमय माहौल के साथ प्रकृति से जोड़ने के लिए ग्रीनरी का एहसास मिलेगा और इसे रंगीन लाइटों से बेहतर लुक दिया जाएगा।



### फ्लॉवर और लाइटिंग से बनेगा फुलवारी का माहौल

कुछ इसी तरह से सिंधु युवा एकता गणेशोत्सव समिति लाखेनगर चौक पर सजने वाला पंडाल भी खास रहने वाला है। समिति के शुभम वाधवानी ने बताया कि भगवान शिव और पार्वती स्वरूप में भगवान गणेश की दिव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। भगवान कि प्रतिमा के पीछे बैकग्राउंड आकर्षक लाइटिंग और फ्लॉवर डेकोरेशन से खास बनाया जाएगा। इससे भक्तों को ऐसा प्रतित होगा, जैसे वे फूलों के बीच आराध्य देव को देखेंगे। इसके साथ ही स्थल सज्जा को भी फ्लावर्स से डेकोरेट किया जाएगा। इसके साथ ही रंगीन लाइटों से इस बार माहौल को खास बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले गणेशोत्सव से इस बार का उत्सव ज्यादा खास समिति बनवाएगी।

### इस बार स्थल सज्जा होगी ग्रीनरी और मोर बेस्ड

टिकरापारा के नंदी चौक पर श्री श्रमजीवी गणेशोत्सव समिति के पंडाल में नृत्य मुद्रा में भगवान गणेश मोर के साथ नजर आएंगे। समिति के राहुल पटेल, विकास साहू और तरुण साहू ने बताया कि हर साल पंडाल को कुछ अलग लुक देने का प्रयास किया जाता है, ताकि आने वाले भक्तों को उत्सव का माहौल दिया जा सके। इस बार स्थल सज्जा को ग्रिनरी और मोर बेस्ड रखने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए समिति के मेंबर्स की निगरानी में काम शुरू किया गया है। गणेश स्थापना से एक दिन पहले पंडाल व स्थल सज्जा को अंतिम रूप देने के लिए प्रयास जारी है। समिति के लोग भी सुबह-शाम पंडाल को आकर्षक बनाने समय और श्रमदान दे रहे हैं।

### इन पंडालों को भी समिति के लोग बनाएंगे खास

शहर के बड़े गणेशोत्सव पंडालों में गुढ़ियारी, रामसागर पारा और गोलबाजार के अलावा इस बार कई अन्य समितियों ने कम जगह और खर्च में ही पंडाल को खास बनाने की तैयारी शुरू की है। इसके लिए बूढ़ापारा चौक, मारवाड़ी मुक्तिधाम के पास वीरभद्र नगर में भी स्थल सज्जा को आकर्षण का केन्द्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही युवाओं की छोटी टोलियों ने एआई और थ्रीडी थीम पर तैयार की गई प्रतिमाओं को स्थापित करने और बाल स्वरूप में गणेश की पूजा करने का मन बनाया है। स्थल सज्जा बाल लीलाओं पर केन्द्रीत रखने की जानकारी समिति के लोगों ने दी। बस्तियों और कॉलोनियों में बाल स्वरूप में ही गणेश विराजेंगे।

---

# व्यक्ति को गलत प्रवृत्ति में आगे बढ़ाती है स्पर्धा की भावना




**रायपुर।** आम्रपाली सोसायटी स्थित श्री अभिनंदन स्वामी मंदिर परिसर में सोमवार को चल रही महाभारत कथा प्रवचन श्रृंखला में मुनिराज शोभनतिलक विजयजी ने धर्म और जीवन मूल्यों पर आधारित गहन विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जब भी पाप की प्रवृत्ति सताने लगे, उस समय सबसे पहले भगवान का स्मरण करना चाहिए। जैन धर्म में नवकार मंत्र को जीवन का आधार माना गया है, जो हर परिस्थिति में आत्मा को शक्ति और शांति प्रदान करता है। मुनिश्री ने कहा कि लोग प्रायः बीमार होने पर भगवान को याद करते हैं, ठीक उसी तरह जैसे बीमारी में दवा की तलाश की जाती है, किंतु सच्चा साधक वही है, जो पाप की प्रवृत्ति या गलत विचार आते ही भगवान का स्मरण कर लेता है। यही उपाय मनुष्य को सही मार्ग पर बनाए रखता है।प्रवचन के दौरान मुनिश्री ने महाभारत के अनेक प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि महाभारत केवल युद्ध का इतिहास नहीं है, बल्कि आत्मा की रक्षा और धर्म पालन की सीख देता है।

### निर्वाण तभी संभव, जब आत्मा पापों से निर्लेप होगी



टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने आज कहा कि भगवान महावीर के पास जितने आए, वह सब उनको ही भगवान नहीं मानते रहे। वह स्वयं भगवान बनते चले गए। 11 के 11 गणधर आए। उन्होंने प्रभु महावीर को भगवान मानकर उनके प्रति अपने आपको समर्पित किया। अंत में जाकर वे सभी स्वयं परमात्मा बन गए। यानि खुदा जो है वो खुद में ही है। हमें यह ध्यान रखना है। खुद ही खुदा हो। मतलब स्वयं आत्मा ही परमात्मा है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जब प्रमाद में आ जाते हो तो अपनी असली पहचान भूल जाते हो। अपनी पहचान भूल गए, इसलिए ही प्रमाद करते रहते हो। प्रमाद से राग आदि करते हो। रागादि से फिर संसार बढ़ता है। कर्म बंधते हैं। पाप बढ़ता है। आत्मा में लेप बढ़ता है। निर्वाण तभी संभव है, जब आत्मा निर्लेप होगी।

### चातुर्मास का त्याग जीवन को बनाता है सुरक्षित-संयमित



श्री जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत आयोजित प्रवचनमाला में सोमवार को हंसकीर्ति श्रीजी ने धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का वाचन करते हुए जिनवाणी का श्रवण करना बहुत ही दुर्लभ है। आपको मानव जीवन एक बार फिर मिल जाएगा लेकिन जिनवाणी का श्रवण करने का मौका आपको बार-बार नहीं मिलेगा। आज शासन और संसार को नहीं जिसने नहीं समझा वह मोक्ष मार्ग तक कभी नहीं पहुंच पाएगा, जिस दिन शासन और संसार को समझ जाएंगे उसे दिन आप अपने आप को मोक्ष मार्ग के करीब पाएंगे। जबकि आज तो धर्म 90 प्रतिशत लोगों को दुख की तरह लगता है, एक कष्ट लगता है। अब 4 महीने का चातुर्मास लोगों को बंधन की तरह लग रहा है लेकिन उन्हें नहीं पता कि यह बंधन नहीं, यह एक सिक्योरिटी है। जैसे आप आतंकवादियों के इलाके में जाते हैं तो आपको बुलेट प्रूफ जैकेट दी जाती है। इलाका अगर और भी खतरनाक है तो आपको दो बुलेट प्रूफ जैकेट दे दी जाएगी वैसे ही आपको इस चातुर्मास में चार बुलेट प्रूफ जैकेट मिल रहा है तो आप किस चुनेंगे। जाहिर सी बात है कि आप चार बुलेट प्रूफ जैकेट को चुनेंगे ताकि आपकी सुरक्षा का दायरा और बढ़ जाए। ऐसे ही आपको चातुर्मास के इन चार महीनों में होटल का खाना, मूवी हॉल जाना, रात्रि भोजन करना और जमीकंद का त्याग करना है।

# स्कूली बच्चों ने श्रीकृष्ण के परिधान में किया प्रभावित, मनाया उत्सव



**रायपुर।** रोहिणीपुरम स्थित शिवाजी स्कूल में सोमवार को बच्चे श्रीकृष्ण के परिधान में सज-धज कर पहुंचे। जन्माष्टमी उत्सव की धूम के बीच हर्षोल्लास का माहौल बना। इस उत्सव की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की आरती और पूजन से किया गया। बच्चों को धर्म व संस्कृति से जोड़ने के बाद बच्चों ने राधा-कृष्ण के भजनों और गीतों पर रंगारंग नृत्यों की प्रस्तुति दी। सभी बच्चे अलग-अलग पहनावे में 'कन्हा' का रूप धारण किए मनमोहक दिखाई दे रहे थे। क्लास रूम में भी कान्हा के वेश में ही पढ़ाई के लिए भी बैठे। इससे क्लास का माहौल भी आकर्षण का केन्द्र रहा। हमेशा बच्चों को डांटने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनका जोश दोगुना करने के लिए तालियों से स्वागत किया। इससे बच्चे भी उत्साही होकर प्रोग्राम को आकर्षण का केन्द्र बनाने सजग थे।

### मटकी फोड़ने का सिलसिला रहा खास

शाला की संचालिका शिरीन जोशी ने बताया कि स्कूल प्रांगण में दही-हांडी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया और जमकर आनंद लिया। मटकी फोड़ का सिलसिला भी खास रहा। अलग-अलग क्लास के कान्हा ने जमीन पर रखी मटकी को आंख में पट्टी बांधकर फोड़ने का प्रयास किया। इसमें उनके सहयोगी और सहपाठी भी उत्साह वर्धन करने में पिछे नहीं थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इसमें आसपास रहने वाले विद्यार्थियों के पालक भी शामिल हुए। कई लोगों ने बच्चों के साथ कान्हा के वेश में सेल्फी भी बनाने में कोई कसर नहीं की।

---

**पोला पर्व पर बच्चे मिट्टी के बने बैलों से खेलते हैं और महिलाएं पोला पटकती हैं**

# तीजा-पोरा के लिए सज गया बाजार, मिट्टी और काठ के बैल, फुलेरा, दीयों की खरीदारी में जुटीं व्रती महिलाएं

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** पोला-तीज व्रत की बाजार सज गई है। विशेषकर व्रती महिलाएं तीज व्रत के लिए पूजन व श्रृंगार की सामग्री खरीदी में अभी से जुट गई हैं। शहर के गोलबाजार, कालीबाड़ी, पुरानी बस्ती, भाठागांव, महादेवघाट मेनरोड पर मिट्टी के बैल, दीए, पोला, चुकिया, फुलेरा, पूजन व सजावटी सामग्री की दुकाने सज गई हैं। जहां लोग पोला-तीजा के त्योहार के नजदीक आते ही खरीदारी शुरू कर दिए हैं। गौरतलब है कि जहां पोला पर्व के अवसर पर मिट्टी की बने बैलों की पूजा की जाती है। वहीं तीज व्रत पर महिलाएं व्रत पूजन करती हैं। बाजारों में मिट्टी और काष्ठ (लकड़ी) से बने बैल बिकने लगे हैं। पोला पर्व पर बच्चे मिट्टी के बने बैलों से खेलते हैं और महिलाएं पोला पटकती हैं। बच्चों में भी इस त्योहार को लेकर बहुत उत्साह होता है। वे मिट्टी के बने बैलों को सजाते हैं और उन्हें पहियों से चलाते हैं। पोला-तीज व्रत -पर्व को लेकर लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा है। ज्वेलरी, कपड़े, फैंसी स्टोर्स से लेकर मेनरोड पर मिट्टी से तैयार सामग्री विक्रेताओं के पास लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। त्योहारी सीजन से बाजार में एक तरफ रौनक आ गई है। पोला, तीज व गणेश चतुर्थी को लेकर बाजार में चारों तरफ खरीदी-बिक्री देखने को मिल रही है।



### 100 रुपए जोड़ी बिक रहे मिट्टी के बैल

कालीबाड़ी चौक पर तीज पर्व पूजन-श्रृंगार विक्रेता सुनीता साहू ने बताया कि फुलेरा, मेहंदी, चूड़ी, बंदी, श्रृंगार व सजावटी सामान की बिक्री हो रही है। व्रती महिलाएं तीज व्रत को लेकर बाजार में खरीदारी शुरू कर दी है। वहीं मिट्टी के बैल व पोला, चुकिया, दीए आदि पोला-तीज पर्व के लिए मिट्टी के सामग्री विक्रेता सोमेश चक्रधारी ने बताया कि मिट्टी के बैल 100 रुपए जोड़ी बिक रहे हैं। इसके अलावा गोलबाजार स्थित पूजन सामग्री व सजावटी समान, काठ की बैल बेच रही परमिला यादव ने बताया कि काठ की एक बैल की कीमत 140 रुपए व जोड़ी में 220 रुपए बिक रहे हैं।

### पूजन-श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर भीड़

तीज का त्योहार, जो कि सुहागिन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है, नजदीक है और इसके चलते रायपुर के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे



स्वास्थ्य की कामना के लिए यह व्रत रखती हैं और इस खास मौके पर सजने-संवरने के लिए खरीदारी कर रही हैं। श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर महिलाएं मेहंदी, चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर और अन्य श्रृंगार सामग्री की खरीदारी कर रही हैं। तीज के लिए विशेष रूप से हरे रंग के कपड़े, घाघरा-चोली और अन्य पारंपरिक परिधानों की खरीदारी भी हो रही है। महिलाएं तीज व्रत के लिए आवश्यक पूजन सामग्री दीए, धूप, कुमकुम, चंदन, फुलेरा, सजावटी समान फूल और अन्य सामग्री भी खरीद रही हैं। कुछ महिलाएं पारंपरिक आभूषण जैसे पायल, बिछिया और झुमके भी खरीद रही हैं।

## ज्योतिष

# बुध बनाएंगे 'भद्र महापुरुष राजयोग', इनका चमक सकता है भाग्य



वैदिक ज्योतिष अनुसार हर ग्रह अपनी स्वराशि और उच्च राशि में संचऱण करके राजयोग का निर्माण करता है। जिसका प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। यहां हम बात करने जा रहे हैं भद्र महापुरुष राजयोग के बारे में, जिसका निर्माण बुध ग्रह करते हैं। आपको बता दें कि व्यापार के दाता बुध ग्रह सितंबर में बुध ग्रह अपनी स्वराशि कन्या में प्रवेश करने जा रहे हैं। जिससे भद्र महापुरुष राजयोग बनेगा। जिससे कुछ राशियों का गोल्डन टाइम शुरू हो सकता है। साथ ही कारोबार में लाभ और नई नौकरी के योग बन रहे हैं।

### मिथुन राशि

भद्र राजयोग का बनना मिथुन राशि के जातकों को लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। बुध ग्रह आपकी गोचर कुंडली से भौतिक सुख स्थान पर संचरण करेंगे। इसलिए इस दौरान आपको भौतिक सुख प्राप्त हो सकते हैं। आपकी कई योजनाएं पूरी होंगी। आप कोई वाहन और प्रापर्टी खरीद सकते हैं। इसके अलावा निजी संबंधों को लेकर आप संतुष्ट होंगे।

### सिंह राशि

सिंह राशि के जातकों पर बुध ग्रह राशि से दूसरे भाव पर संचरण। आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ के योग बनेंगे। आपके कम्युनिकेशन में सुधार होगा, लोग इंप्रेस होंगे। पैसे कमाने के नए तरीके खोजने के प्रयास सफल होंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। साथ ही इस दौरान आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं।

### मकर राशि

आप लोगों के लिए यह राजयोग आपकी राशि से भाग्य स्थान पर बनने जा रहा है। इस समय आपको किस्मत का साथ मिलेगा। किसी धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। उच्च शिक्षा, आध्यात्मिक विकास और लंबी यात्राओं के लिए अनुकूल है। विदेशी संपर्कों या यात्राओं से लाभ मिल सकता है। धन आगमन के नए मार्ग बनेंगे।

# 23 अगस्त को शुक्र करेंगे मित्र शनि के नक्षत्र में प्रवेश, धनलाभ के योग



वैदिक ज्योतिष में कुछ ग्रह में मित्रता और शत्रुता का भाव होता है। आपको बता दें कि धन के दाता शुक्र ग्रह अपने मित्र ग्रह शनि के नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। आपको बता दें कि शुक्र देव 23 अगस्त को पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। जिससे कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही इन राशियों को आकस्मिक धनलाभ के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं।

### तुला राशि

शुक्र ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन आप लोगों को कर्म के सिद्ध से शुभफलदायी सिद्ध हो सकता है। शुक्र ग्रह आपकी गोचर कुंडली के कर्म स्थान पर भ्रमण करेंगे। इस दौरान आपको काम- कारोबार में अच्छी सफलता मिल सकती है। नौकरीपेशा जातकों को ऑफिस के खर्चे पर लंबी दूरी की यात्रा करने का मौका मिलेगा। पैसे कमाने के नए तरीके खोजने के प्रयास कारोबारियों के सफल होंगे।

### मिथुन राशि

शुक्र ग्रह आपकी गोचर कुंडली के धन भाव पर संचरण करने जा रहे हैं। आपकी आय़ में वृद्धि हो सकती है। कारोबारियों को उधार धन मिल सकता है। साथ ही इस अवधि में आपके कम्युनिकेशन में सुधार होगा। जिससे लोग इंप्रेस होंगे। वहीं आपकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

### कन्या राशि

शुक्र ग्रह आपकी राशि से 11वें स्थान पर संचऱण कर रहे हैं। इस समय आपकी आय में जबरदस्त बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही आय के नए- नए स्त्रोत बन सकते हैं। सामाजिक आयोजनों में भागीदारी बढ़ेगी। वहीं निवेश से लाभ के योग बन रहे हैं। व्यापारी वर्ग कोई बड़ी डील कर सकते हैं, जिससे भविष्य में लाभ होगा।

## डॉक्टरों की सलाह से ही लें एंटी बायोटिक की गोलियां

# मौसमी बीमारी... डॉक्टर की सलाह पर ही लें मेडिसिन, वरना उठाना पड़ेगा भारी नुकसान

इन दिनों मौसमी बीमारियों का प्रकोप चल रहा है। औसतन हर दूसरे घर में वायरस के हमले से कोई न कोई बीमार पड़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा शिकार बच्चे व बुजुर्ग हो रहे हैं। ऐसे में ज्यादातर लोग स्व चिकित्सा (सेल्फ मेडिकेशन) कर रहे हैं। साथ में सोने पे सुहागा यह है कि ज्यादातर मेडिकल स्टोर के फार्मासिस्ट खुद ही डॉक्टर बनकर दवा लेने आने वालों को गैर जरूरी सलाह देकर दवा दे रहे हैं।



### दुकानदार दे रहे अपनी-अपनी समझ से दवाइयां

डॉक्टर की सलाह के बिना दुकानों से दवाइयां लेने वालों को दुकानदार हर किसी को एंटी बायोटिक दवाएं दे रहे हैं, जो खतरनाक साबित हो रहा है। बिना डॉक्टरी सलाह ज्यादा एंटी बायोटिक दवाओं का सेवन सही नहीं होता है और एक समय के बाद ये दवाएं असर करना बंद कर देती हैं।

### विशेषज्ञ की सलाह

इस संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि बीमारियों में लगातार एंटी बायोटिक दवाओं का सेवन करना गलत है। कुछ भी बीमारी हो मेडिकल स्टोर के संचालक हर बार एंटी बायोटिक दवा दे देते हैं। एक तरह से यह मरीज के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के बराबर है। इसी लिए सेल्फ मेडीकेशन और मेडिकल स्टोर के संचालकों द्वारा दवा देना पूरी तरह से गलत है।

### झोलाछाप डॉक्टरों से बचें

इन सबके बीच सेल्फ मेडिकेशन की प्रवृत्ति उसके बाद मेडिकल स्टोर के संचालक का झोलाछाप बनकर दवाएं देना कई बार घातक साबित होता है, इसी वजह से डाक्टर भी कहते हैं कि सेल्फ मेडिकेशन और दवा बेचने की लालच में मेडिकल स्टोर द्वारा कुछ भी दवाएं दे देना पूरी तरह से गलत है।

### क्यों नहीं लेनी चाहिए ज्यादा एंटी बायोटिक दवाएं

ज्यादा एंटी बायोटिक दवाएं नहीं लेनी चाहिए। क्योंकि इससे एंटी बायोटिक प्रतिरोध विकसित हो सकता है। इससे भविष्य में संक्रमणों का इलाज करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, एंटी बायोटिक दवाओं के अत्यधिक उपयोग से अन्य दुष्प्रभाव जैसे पेट खराब होना, दस्त, और एलर्जी आदि भी हो सकते हैं।

### एक बार की पर्ची हर बार काम नहीं आती

यह भी देखने को मिला है कि लोग किसी बीमारी को लेकर डाक्टर को दिखाते हैं और डाक्टर उन्हें दवा देते हैं। ठीक इसी तरह कुछ समय बाद बीमार होने पर और उसी तरह के लक्षण होने पर फिर से उसी पर्ची के हिसाब से दवा ले लेते हैं, जो गलत है। क्योंकि कई तरह के वायरस हमला करते हैं, जिनके लक्षण वैसे ही होते हैं।

# देखते ही मुंह में आ जाएगा पानी, बनाकर खाएं बेड़मी पूरी और आलू की सब्जी फाटफट नोट कर लें रेसिपी

मथुरा वृंदावन के हर गली मोहल्ले में आपको बेड़मी पूरी और आलू की सब्जी खाने को मिल जाएंगी। ज्यादातर छोटे शहरों में बेड़मी पूरी का नाश्ता मिल जाता है। अगर आप नॉर्मल पूरी सब्जी खाकर बोर हो गए हैं तो एक बार बेड़मी पूरी और आलू की सब्जी ट्राई करें। नॉर्मल गेहूं के आटे में दाल मिक्स करके बेडमी पूरी बनाई जा सकती हैं। अगर आप सिंपल तरीके से बेड़मी पूरी बनाना चाहते हैं तो हम आपके लिए एकदम सिंपल तरीका लाए हैं जिससे एकदम करारी और खस्ता बेड़मी पूरी और हलवाई जैसी आलू की सब्जी बनकर तैयार होगी।



### बेड़मी पूरी की रेसिपी

**पहला तरीका-** बाजार में दाल वाली बेड़मी पूरी मिलती है। 1 कप उड़द की दाल को भिगो दें और फिर लहसुन, अदरक और हरी मिर्च डालकर पीस लें। इसे आटे में गूंथ लें और आटे में नमक, 2 चम्मच तेल, जीरा और थोड़ी अजवाइन डाल दें। पूरी का आटा तैयार कर लें और इससे बेड़मी पूरी सेंक लें।

**दूसरा तरीका-** अगर आप बिना दाल के बना रहे हैं तो 1 कप गेहूं का आटा, आधा कप बेसन, 2 बड़े चम्मच सूजी, 1 बड़ा चम्मच तेल, बरीक कटा हरा धनिया, थोड़ी कसूरी मेथी, अजवाइन और जीरा, नमक डालकर आटा गूंथ लें। अब इस आटे से बेडमी पूरी बनाकर सर्व करें।

### आलू की हलवाई स्टाइल सब्जी

**पहला स्टेप-** आलू को उबालकर छीलकर हाथ से मसल लें। आलू को मैथ करते वक्त कुछ टुकड़े छोड़ें बाकी सारे मैश कर दें। अब कड़ाही में थोड़ा तेल डाल, जीरा और हींग डालें। बारीक कटा एक प्याज और हरी मिर्च डालें। अब सारे सूखे मसाले जिसमें हल्दी, नमक, धनिया पाउडर, लाल मिर्च, गरम मसाला तेल में डाल दें। थोड़ा पानी डालकर पकाएं और फिर मैश किए आलू मिला दें।

# एक बार खाओगे महाराष्ट्र की कोथिंबीर वडी तो भूल जाओगे छोले भटूरे का स्वाद

**कोथिंबीर वडी बनाने की सामग्रीः** हरा धनिया (कोथिंबीर): 1 बड़ा गुच्छा, बेसनः 1 कप, चावल का आटाः 2 बड़े चम्मच, अदरक-लहसुन पेस्टः 1 चम्मच, हरी मिर्चः 2-3, हल्दी पाउडरः 1/2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडरः 1/2 चम्मच, धनिया पाउडरः 1/2 चम्मच, जीरा पाउडरः 1/2 चम्मच, सफेद तिलः 1 चम्मच, नमकः स्वाद अनुसार, तेल तलने के लिए।

**कोथिंबीर वडी बनाने की विधिः** सबसे पहले हरे धनिये को अच्छी तरह धोकर बारीक काट लें। अब एक बड़े बर्तन में कटा हुआ हरा धनिया, बेसन, चावल का आटा, अदरक-लहसुन पेस्ट, हरी मिर्च, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, सफेद तिल और नमक डालें। इन सभी सामग्री को अच्छे से मिला लें। मिश्रण में थोड़ा-थोड़ा पानी मिलाकर सख्त आटा गूंथ लें। ध्यान रखें कि पानी बहुत ज़्यादा न डालें, क्योंकि धनिया भी अपना पानी छोड़ती है।



# कंप्यूटर पर घंटों काम करने के कारण तेजी से बढ़ रही फ्रोजन शोल्डर की समस्या

## गंभीर बीमारी से बचाव के आसान तरीके

आज के डिजिटल दौर में कंप्यूटर और लैपटॉप के सामने बैठकर काम करना आम बात हो गई है, लेकिन लंबे समय तक एक ही पोज़ीशन में बैठने से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं जन्म ले रही हैं। हाल ही में डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि ऑफिस वर्क करने वाले युवा और खासकर महिलाएं फ्रोजन शोल्डर यानी कंधों के जाम होने की समस्या का तेजी से शिकार हो रही हैं। यह समस्या न केवल आपके कंधों बल्कि गर्दन, कमर और रीढ़ की हड्डी को भी प्रभावित कर सकती है। आइए जानते हैं इस दर्द के कारण, लक्षण और बचाव के तरीके।

### कामकाजी महिलाओं में ज्यादा समस्या

कामकाजी महिलाओं और ऑफिस में लंबे समय तक बैठकर काम करने वाले युवाओं में फ्रोजन शोल्डर और शोल्डर पेन के मामले बढ़ रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि कई घंटे तक कंप्यूटर या लैपटॉप के सामने बैठकर काम करना, मोबाइल पर लगातार नजरें गड़ाए रखना और शारीरिक गतिविधियों में कमी इसके मुख्य कारण हैं।

### फ्रोजन शोल्डर क्या है, विशेषज्ञों की सलाह

फ्रोजन शोल्डर वह स्थिति है जिसमें कंधों की मांसपेशियां जकड़ जाती हैं और उनमें दर्द व सूजन होने लगती है। शुरुआत में यह परेशानी हल्की लगती है, लेकिन अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो यह गंभीर हो सकती है। विशेषज्ञ की सलाह- फ्रोजन शोल्डर के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करें। समय पर फिजियोथेरेपी और हल्के व्यायाम से काफी हद तक आराम पाया जा सकता है।

### महिलाएं ज्यादा प्रभावित क्यों?

इस समस्या के बारे में आर्थोपेडिक विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं में मोटापा, गर्दन-कंधों पर बढ़ती चर्बी और फिजिकल एक्टिविटी की कमी के कारण मांसपेशियां जल्दी कमजोर हो जाती हैं। कई महिलाएं तो पीठ तक हाथ नहीं ले जा पातीं, जिससे बालों में कंघी करना, कपड़े पहनना या हल्का सामान उठाना भी मुश्किल हो जाता है।

इस समस्या के लक्षण क्या है और क्या कारण है इसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि कंधों में दर्द और जकड़न। हाथ ऊपर या पीछे ले जाने में कठिनाई। हल्के वजन उठाने में तकलीफ। गर्दन और कमर तक दर्द फैलना आदि इसके लक्षण हैं। इसके कारणों में प्रमुख रूप से लंबे समय तक एक ही मुद्रा में बैठना। लगातार कंप्यूटर/मोबाइल स्क्रीन देखना। व्यायाम और स्ट्रेचिंग की कमी।


































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्यों खत्म किया जा रहा है 'द कॉन्जुरिंग यूनिवर्स'? डायरेक्टर माइकल ने बताई यह वजह



'द कॉन्जुरिंग' यूनिवर्स की अभी तक तमाम फिल्में आ चुकी हैं और इनमें से ज्यादातर को बॉक्स ऑफिस पर काफी क्रेजी रिस्पॉन्स मिला है। सच्ची घटनाओं पर आधारित ये फिल्में सुपरहिट रही हैं, लेकिन अब इसके अपकमिंग पार्ट के साथ ही मेकर्स ने इस यूनिवर्स को खत्म करने का फैसला किया है। डायरेक्टर माइकल छाव्स को लगता है कि अब 'द कॉन्जुरिंग' यूनिवर्स को खत्म करने का वक्त आ गया है। इस हॉरर मूवी यूनिवर्स की फैन फॉलोइंग बहुत ज्यादा है और इसीलिए अब यह सवाल उठ रहा है कि माइकल क्यों यह सिनेवर्स खत्म कर रहे हैं। माइकल ने इस सवाल का जवाब भी दिया है। माइकल अपनी अपकमिंग फिल्म 'कॉन्जुरिंग - द लास्ट राइट्स' के साथ इस मूवी सीरीज को खत्म करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सिनेवर्स को खत्म करने का फैसला उन्होंने अपनी टीम की सहमति से लिया है। माइकल ने बताया, मुझे सभी के साथ काम करना बहुत अच्छा लगा, लेकिन सभी (टीम को) ऐसा लगा कि अभी यह अपने टॉप पर है, और इसे यहीं पर ही खत्म करने का वक्त आ गया है। आप हमेशा चाहते हैं कि चीजें जब टॉप पर हों तब रुकें। माइकल ने बताया कि कोई भी यह नहीं चाहता कि उसकी वजह से कोई फ्रेंचाइज़ी डाउनफॉल फेस करे। यह एक अनूठा मौका था जब हम यह तय कर सकते थे कि आखिरी चैप्टर कब और कैसे सुनाना है।

### टॉलीवुड

## महेश -नम्रता ला रहे साइकोलॉजिकल-थ्रिलर, राव बहादुर टीजर आउट



सुपरस्टार महेश बाबू और डायरेक्टर वेंकटेश महा की फिल्म राव बहादुर का मच अवेटेड टीजर सोमवार को आखिरकार रिलीज हो गया है। महेश बाबू के साथ फिल्म बना रहे एसएस राजामौली ने एक्टर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले फिल्म का टीजर लॉन्च किया है। ये फिल्म अनूठी थीम को पर्दे पर लेकर आ रही है। इसकी कहानी शक के इर्द-गिर्द बुनी गई है कि कैसे 'शक' इंसान की जिंदगी को खराब कर सकता है। शक, जिसे कहानी का असली दुश्मन बताया गया है। टीजर में साफ दिखाया गया है कि फिल्म का हीरो इसी शक के जाल में फंसा हुआ है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जब सामने आया था, तब ही यह साफ हो गया था कि कुछ अलग और खास देखने को मिलने वाला है। पोस्टर में एक्टर सत्यदेव का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देख फैंस हैरान रह गए थे. तभी से फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ती जा रही थी और अब टीज़र ने इस जोश को और बढ़ा दिया है। राव बहादुर का टीजर हमें एक नई और रहस्यमयी दुनिया में ले जाता है। इसमें रोमांच और सस्पेंस से भरी ढेरों कहानियों की झलक दिखाई देती है। सबसे ज्यादा ध्यान खींचता है सत्यदेव का बदला हुआ लुक और उनकी शानदार एक्टिंग. विज़ुअल्स और स्टाइल भी इतने खास हैं कि दर्शक खुद को स्क्रीन से नजरें हटाने नहीं दे पा रहे। फैंस के लिए खुशखबरी यह है कि राव बहादुर अगले साल गर्मियों 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कुल मिलाकर, दमदार टीम, यूनिक स्टोरी और सत्यदेव के शानदार लुक के साथ राव बहादुर उन फिल्मों में से एक है, जिसका इंतजार अब हर किसी को बेसब्री से रहेगा।

### भोजपुरी

## खेसारी लाल यादव के नए गाने 'मरद बाड़ा कइसन' ने उड़ाया गर्दा



भोजपुरी फिल्मों के स्टार खेसारी लाल यादव का मार्केट में नया गाना आया है, जिसने धमाल मचा दिया है। गाने को फैंस भी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इस गाने के बोल हैं 'मरद बाड़ा कइसन', जो एक रोमांटिक गाना है। खेसारी इस गाने में रक्षा गुप्ता के साथ रोमांस कर रहे हैं। खेसारी लाल यादव एक के बाद एक कई गाने रिलीज कर चुके हैं, जो अभी तक वायरल हैं। अब ये नया गाना भी वायरल हो रहा है। 'मरद बाड़ा कइसन' इसी नाम की एल्बम का गाना है, और इसे खेसारी लाल यादव ने ही गाया है। गाने के लिरिक्स विक्की बेदर्दी ने लिखे हैं और म्यूजिक आर्या शर्मा ने दिया है। गाने में खेसारी का आशिकाना अंदाज देखने को मिल रहा है, जिस पर भोजपुरी के फैंस दिल लुटा रहे हैं। 'मरद बाड़ा कइसन' का वीडियो देख एक फैन ने कमेंट किया है, 'भाई सुबह से इतनी बार सुन लिया हूं कि याद ही नहीं आ रहा कितना बार सुन चुका हूं।' एक ने लिखा, 'खेसारी भाई आपकी जोड़ी रक्षा गुप्ता के साथ मस्त लगती है।' एक का कमेंट है, 'लो एक और तगड़ा गाना आ गया। एकदम धांसू।' एक फैन बोला, 'लाजवाब गाना है भाई।' पिछले हफ्ते ही खेसारी ने अपना एक और गाना 'गुलरी के फूल' रिलीज किया था, जो अभी तक यूट्यूब पर ट्रेंडिंग में है। इसे खेसारी ने सृष्टि भारती के साथ गाया था, जबकि वीडियो में वह नीलम गिरी संग रोमांस करते नजर आए। खेसारी की निजी जिंदगी की बात करें, तो उनका असली नाम शत्रुघ्न कुमार यादव है। वह बिहार के सारण जिले के रसूलपुर में पैदा हुए थे और काफी गरीबी में दिन गुजारे। खेसारी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें बचपन से ही गाने का शौक था, पर परिवार की आर्थिक हालत खराब थी, इसलिए वह जब भैंस चराने जाते तो गाते थे। इसके बाद खेसारी ने मेट्रिक तक की पढ़ाई पूरी की और फिर छोटे-छोटे प्रोगाम में गाने लगे। पढ़ाई और गाने के साथ-साथ खेसारी गाय-भैंस चराते और दूध भी निकालते थे। कभी गरीबी में रहे खेसारी आज भोजपुरी सिनेमा के सबसे अमीर स्टार्स में से एक हैं।

## लाइफ स्टाइल

### साइना ने सादगी से जीता दिल

बैडमिंटन कोर्ट पर अपने शानदार प्रदर्शन से लोगों का दिल जीतने वाली साइना अक्सर ही सादे- सिंपल कैजुअल कपड़ों में नजर आती हैं। लेकिन, एक इवेंट के लिए वह एकदम देसी रूप में बन- ठनकर तैयार हुईं। जिसके लिए उन्होंने ओलहा लेबल का पीला कुर्ता पहना और इसे स्टाइल करने में कुछ भी ओवर न करते हुए अपनी सादगी से दिल जीत लिया। साइना यहां अनारकली स्टाइल फ्लरोल प्रिंटेड कुर्ता सेट में नजर आ रही हैं। जिसकी वी नेकलाइन और उस पर लगी सुनहरे लेस इसके स्टाइल कोशेंट को एन्हांस कर रही है। जहां अपर पोर्शन को बस नेकलाइन से ही लेस वाला बॉर्डर ले जाकर वेस्ट पर डेरी वाला डिजाइन देकर चोली जैसा लुक दिया, जिसमें लगी गोल्डन लेस वाली फैब्रिक से बनी लटकन सुंदर लगी।



## बारिश में बाल हो जाते हैं फ्रिज़ी, गुच्छों में लगते हैं गिरने, जानें कैसे करें अपने हेयर की बेहतरीन केयर


बारिश के मौसम में बालों का फ्रिज़ी होना और गुच्छों में गिरना एक आम समस्या है। इस मौसम में हवा में नमी बहुत बढ़ जाती है, जिससे बाल नमी को सोखकर रूखे और कमज़ोर हो जाते हैं। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखें तो इस परेशानी से बच सकती हैं।

### फ्रिज़ी बालों को कैसे करें कंट्रोल?

**सल्फेट-फ्री शैम्पू को कहें अलविदा:** शैम्पू ऐसा इस्तेमाल करें जिसमें सल्फेट और अल्कोहल की मात्रा न हो। सल्फेट युक्त शैम्पू बालों की नेचुरल चमक और नमी को छीन लेता है जिससे बाल फ्रिज़ी और डैमेज हो जाते हैं।

**सही कंडीशनर का करें इस्तेमाल:** अच्छे शैम्पू के बाद ज़रूरी है कि आप बेहतरीन क्वालिटी का कंडीशनर इस्तेमाल करें। कंडीशनर बालों की नमी को बनाए रखता है और फ्रिज को कंट्रोल करता है जिससे बाल मुलायम बनता है।

**बालों को ज़्यादा न धोएं:** बारिश ही नहीं किसी भी मौसम में बाल को रोज़ाना वॉश न करें। रोज़ाना या ज़्यादा धोने से वे रूखे और बेजान हो जाते हैं। हफ्ते में दो से तीन दिन ही बाल को धोएं। बाल को धोने से पहले गुनगुने तेल से मसाज करें।



**होममेड हेयर मास्क लगाएं:** हफ्ते में एक बार हेयर मास्क का इस्तेमाल करें। ज़रूरी नहीं है कि आप हेयर मास्क खरीदकर ही इस्तेमाल करें। दही, शहद और केला से भी मास्क बना सकती हैं। यह बालों को गहराई से पोषण देता है।

### बालों का झड़ना कैसे रोकें?

**गीले बालों में कंघी न करें:** अगर आपके बाल गीले हैं तो उनमें तुरंत कंघी न करें। गीले बाल तेजी से टूटते हैं। अपने बालों को हेल्दी बनाने के लिए और वे टूटकर गिरे न इसलिए जब बाल हलके सूख जाएं तब चौड़े दांत वाले कंघी का इस्तेमाल करें।

**तनाव से रहें दूर:** तनाव भी बालों के झड़ने का एक बड़ा कारण है। योग, प्राणायाम और मेडिटेशन करने से तनाव कम होता है, जिससे बालों का गिरना भी कम हो सकता है।

**गुनगुने तेल कसे करें मसाज:** नारियल तेल, बादाम तेल को हल्का गरम करके हफ्ते में एक या दो बार सिर की मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और बालों की जड़ें मज़बूत होती हैं।

## गुजराती साड़ी पहनने और स्टाइल करने के लिए अपनाएं ये तरीका

फैशन





गुजराती स्टाइल साड़ी पहनना एक कला है, जो न केवल आपको पारंपरिक लुक देती है, बल्कि आपको खास भी महसूस कराती है। इस स्टाइल में साड़ी को पहनने का तरीका थोड़ा अलग होता है, जिससे आपको एक अनोखा और आकर्षक लुक मिलता है। इस लेख में हम आपको कुछ उपयोगी सुझाव देंगे, जिनसे आप अपनी गुजराती स्टाइल साड़ी को और भी खूबसूरत बना सकती हैं और उसे सही तरीके से पहन सकती हैं।

**ब्लाउज का चयन ध्यान से करें :** गुजराती स्टाइल साड़ी के साथ ब्लाउज का चयन करना बहुत जरूरी है। ब्लाउज ऐसा होना चाहिए, जो आपकी फिटिंग का हो और साड़ी के साथ मेल खाता हो। अगर आपकी साड़ी भारी कढ़ाई वाली हो तो हल्का ब्लाउज चुनें और साधारण साड़ियों के साथ भारी कढ़ाई वाला ब्लाउज पहनें। इसके अलावा ब्लाउज की फिटिंग भी अच्छी होनी चाहिए ताकि वह आपके शरीर पर सही तरीके से जचे।

**पल्लू को सही तरीके से लपेटें :** गुजराती स्टाइल साड़ी को बांधना का तरीका वैसे तो सामान्य है, लेकिन इसका पल्लू खास तरीके से लिया जाता है। पल्लू को पीछे से आगे की तरफ लाते हैं। इस दौरान पल्लू का आगे का हिस्सा पेट तक आना चाहिए। अब पल्लू को कंधे पर सेफ्टी पिन से फिक्स करें और इसके आगे वाले हिस्से को थोड़ा खोलते हुए उसके एक किनारे को पेट के किनारे पर साड़ी में अटकाएं।

**कमरबंद का उपयोग करें :** गुजराती स्टाइल साड़ी में कमरबंद आपके लुक में आकर्षण जोड़ सकता है। कमरबंद को कमर पर बांधें और इसे थोड़ा ढीला छोड़ें ताकि आरामदायक महसूस हो। आप चाहें तो कमरबंद को मैचिंग रंग की चुन सकती हैं या फिर विपरीत रंग की कमरबंद भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएगी। कमरबंद से आपकी साड़ी का पल्लू और प्लेट्स सही तरीके से सेट रहेंगे।

**फुटवियर्स का सही चयन करें :** फुटवियर्स भी आपके पूरे लुक को प्रभावित करती हैं इसलिए इन्हें चुनते समय ध्यान दें कि वे आपकी साड़ी के साथ मेल खाते हों। पारंपरिक फुटवियर्स पहनें, जो आपके पैरों को आरामदायक महसूस कराएं और आपके लुक को पूरा करें। इसके अलावा अगर आपकी साड़ी भारी कढ़ाई वाली हो तो हल्के रंग के फुटवियर्स चुनें ताकि वे अधिक न दिखें और साड़ी की सुंदरता उभरकर आए।

**गहनों का मेल रखें :** गहनों का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आपकी साड़ी के साथ मेल खाते हों। भारी कढ़ाई वाली साड़ियों के साथ हल्के गहने पहनें ताकि आपका लुक संतुलित लगे। पारंपरिक गहनों जैसे चूड़ियां, झुमके और मांगटीका आपके लुक को पूरा करेंगे और आपको खास महसूस कराएंगे। इन सरल सुझावों को अपनाकर आप अपनी गुजराती स्टाइल साड़ी को और भी खूबसूरत बना सकती हैं और हर मौके पर आकर्षण का केंद्र बन सकती हैं।

## ब्लाउज के साथ नेकलेस पहनते वक्त करेंगी ये गलती तो नहीं दिखेगा हीरोइनों जैसा लुक

शादी होने वाली हैं तो डिजाइनर साड़ी और लहंगे की शॉपिंग में बिजी होंगी लेकिन साड़ी और लहंगे के साथ उसके ब्लाउज की डिजाइन पर फोकस करें। गलत डिजाइन और फिटिंग के कारण ना केवल ब्लाउज का लुक खराब दिखता है बल्कि महंगे से महंगा साड़ी और लहंगा भी अट्रैक्टिव नहीं दिखता। ऐसे में स्टाइलिस्ट के बताए तरीके से ब्लाउज और नेकलेस को पेयर करें। जान लें क्या है वो गलती जिसकी वजह से नेकलेस और ब्लाउज को पेयर करने पर स्टाइलिश लुक नहीं मिलता।

**नेकलाइन और नेकलेस के बीच में गैप ना होना :** लहंगा हो या साड़ी, अगर उसके ब्लाउज के नेकलाइन और नेकलेस के बीच में गैप नहीं होगा। तो लुक परफेक्ट नहीं नजर आता। दरअसल, दोनों के बीच में गैप ना होने की वजह से ना ब्लाउज की नेकलाइन हाइलाइट हो पाती है और ना ही नेकलेस की खूबसूरती दिखती है। इसलिए नेकलाइन और नेकलेस के बीच में गैप होना जरूरी है।



### शोल्डर की चौड़ाई रखें कम

ब्लाउज में हीरोइनों जैसा लुक चाहिए तो शोल्डर की चौड़ाई को कम रखें। नेकलाइन कंफर्टेबल होनी चाहिए लेकिन ब्रॉड होने की वजह से स्किन शो होगी और इस तरह के ब्लाउज आपके लुक को इनहैंस करेगा।

### ना पहनें चौड़े नेकलेस

नेकलेस को चुनते समय बॉडी टाइप का ध्यान रखना जरूरी है। इसके साथ ही ट्रेंड के हिसाब से बहुत ज्यादा चौड़े नेकपीस ना चुनें। अगर आप ब्राइड हैं तो भी लेयरिंग को चुनें। एक स्लीक चोकर के साथ दो लांग नेकलेस को पेयर करें। ऐसा करने से आपकी गर्दन पूरी रह से नहीं छिपेगी और आपका लुक ब्लाउज के साथ साथ परफेक्ट दिखेगा।

## घर पर आसानी से बनाए जा सकते हैं कश्मीरी ईयरिंग्स, सरल है बनाने का तरीका

कश्मीरी ईयरिंग्स अपने अनोखे डिजाइन और खूबसूरती के लिए मशहूर हैं, लेकिन अब इनका चलन काफी बढ़ गया है। चलन बढ़ने के कारण बाजारों में यहीं ईयररिंग्स 2,500 रुपये से 5,000 रुपये में बेचे जा रहे हैं। अगर आपको भी ये ईयररिंग्स पसंद आ रहे हैं तो आप इन्हें किसी दुकान से खरीदने की बजाय खुद से बना सकती हैं। इससे न केवल आपके काफी पैसे बचेंगे, बल्कि आपको अपने मनपसंद डिजाइन में कश्मीरी ईयररिंग्स भी मिल जाएंगे।

**सामान एकत्रित करें :** कश्मीरी ईयरिंग्स बनाने के लिए सबसे पहले आपको कुछ सामान की आवश्यकता होगी, जैसे कि मोती, चेन, हुक्स, और छोटे-छोटे धागे। आप इन चीजों को किसी भी गहनों



की दुकान से खरीद सकती हैं या फिर ऑनलाइन मंगवा सकती हैं। इसके अलावा आप चाहें तो पुराने गहनों से भी सामग्री निकाल सकते हैं। इससे आपके पास अलग-अलग रंग और डिजाइन के मोतीऔर अन्य सामान इकट्ठा हो जाएंगे, जिनका आप उपयोग कर सकते हैं।

**डिजाइन तैयार करें :** कश्मीरी ईयरिंग्स बनाने से पहले आपको उनका डिजाइन तैयार करना होगा। इसके लिए आप कागज पर स्केच बना सकते हैं या फिर इंटरनेट से प्रेरणा ले सकते हैं। ध्यान रखें कि आपका डिजाइन ऐसा होना चाहिए, जो आपके चेहरे पर अच्छा लगे और आपकी व्यक्तिगत शैली को दर्शाए। आप चाहें तो अलग-अलग आकार और आकारों का मिश्रण करके एक अनोखा डिजाइन बना सकते हैं, जिससे आपकी ईयरिंग्स और भी खास लगें।

**आधार तैयार करें :** डिजाइन बनाने के बाद अब बारी आती है आधार तैयार करने की। इसके लिए आपको पहले चेन को अपनी पसंद अनुसार काटना होगा और फिर उसे हुक्स से जोड़ना होगा ताकि यह कानों में अच्छी तरह फिट हो सके। अगर आप चाहें तो इसके अलावा आप चेन पर मोती या घुंघरू भी जोड़ सकते हैं, जिससे इसकी सुंदरता बढ़ जाएगी।

### कार्नर न्यूज

### ज्यादा आकर्षक और आत्मविश्वासी करेंगे महसूस

## त्योहारों पर धोती-कुर्ता पहनते हैं तो इन बातों का रखें खास ध्यान, लगेगा अच्छा

त्योहारों पर धोती-कुर्ता पहनना एक पारंपरिक तरीका है। यह न केवल आपको एक शाही लुक देता है, बल्कि आरामदायक भी होता है। हालांकि, सही तरीके से धोती-कुर्ता पहनना और उसे संभालना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी सुझाव देंगे, जिनसे आप त्योहारों पर धोती-कुर्ता पहनते समय ज्यादा आकर्षक और आत्मविश्वासी महसूस करेंगे। इन सुझावों को अपनाकर आप अपनी पारंपरिक पोशाक को और भी खास बना सकते हैं।



### कुर्ते की फिटिंग पर ध्यान दें

धोती-कुर्ता पहनते समय कुर्ते की फिटिंग बहुत अहम होती है। कुर्ता न तो बहुत ढीला होना चाहिए और न ही बहुत टाइट। बेहतर होगा अगर आप अपने शरीर के आकार के अनुसार कुर्ता सिलवाएं ताकि वह आरामदायक महसूस हो और आपके लुक को निखारे। इसके अलावा कुर्ते की लंबाई भी ध्यान में रखें, जो आपकी धोती से थोड़ी लंबी होनी चाहिए ताकि पूरा लुक संतुलित लगे। सही फिटिंग वाला कुर्ता आपको आत्मविश्वासी और आकर्षक दिखाएगा।



### सही कपड़े का चयन करें

धोती-कुर्ता पहनते समय सबसे जरूरी है सही कपड़े का चयन करना। गर्मियों में सूती कपड़े सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने देते हैं और पसीना सोखते हैं। सर्दियों में ऊनी या मिक्स कपड़े का चयन करें, जो आपको गर्म रखें। इसके अलावा बाजार में कई प्रकार के डिजाइन और रंग उपलब्ध हैं इसलिए अपने पसंदीदा रंग और डिजाइन का चयन करें ताकि आप त्योहार पर सबसे अलग और आकर्षक दिखें।

### धोती बांधने का तरीका सीखें

धोती बांधना एक कला है, जिसे सही तरीके से सीखना जरूरी है। बाजार में तैयार धोती भी मिलती हैं, लेकिन अगर आप खुद बांधना चाहते हैं तो पहले अभ्यास करें। इसके लिए एक लंबी चादर या धोती लें और उसे पैरों के चारों ओर लपेटें, ध्यान रखें कि वह ढीली न हो ताकि चलने में कोई दिक्कत न हो। कई वीडियो उपलब्ध हैं, जिनसे आप धोती बांधने के तरीके सीख सकते हैं।

### रंगों का मेल मिलाएं

धोती-कुर्ता पहनते समय रंगों का मेल मिलाना बहुत जरूरी है। अगर आपकी धोती सफेद रंग की है तो नीले, हरे या पीले रंग का कुर्ता चुनें, जो आपके लुक को खास बनाएगा। इसके अलावा अगर आपकी धोती हल्के रंग की है तो गहरे रंग का कुर्ता पहनें, जिससे आपका लुक संतुलित लगेगा। रंगों का सही मेल आपके पूरे लुक को आकर्षक और मनोहर बनाएगा, जिससे आप त्योहारों में सबसे अलग और खास दिखेंगे।